दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। रविवार 01 फरवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 43 पेज - 08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# सर्राफा बाजार में हाहाकार

## चांदी सवा लाख रुपये टूटी, सोना के दाम भी घटे

**नई दिल्ली।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज और सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों बड़ी गिरावट दिखी है। बाजार के जानकारों द्वारा जताया गया 'बुलबुला फूटने' का अनुमान सच साबित हुआ है। शुक्रवार का दिन कीमती धातुओं के लिए ऐतिहासिक गिरावट का दिन रहा। जहां चांदी की कीमतों में एक ही दिन में ही 1 लाख रुपये से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई, वहीं सोना भी एक झटके में 33,000 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हो गया।

सोने और चांदी की कीमतों में हुई इस भारी गिरावट ने निवेशकों को चौंका कर रख दिया है।




### चांदी का बुलबुला फूटा: 1.28 रुपए लाख तक फिसले दाम

बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, चांदी की कीमतों में आया यह भूचाल ऐतिहासिक है।

**- एक दिन में गिरावट:** 5 मार्च की एक्सपायरी वाली चांदी का वायदा भाव गुरुवार को 3,99,893 रुपये पर बंद हुआ था, जो शुक्रवार को क्रैश होकर 2,91,922 रुपये प्रति किलो पर आ गया। यानी एक ही दिन में चांदी 1,07,971 रुपये सस्ती हो गई।

**- हाई लेवल से तबाही:** गुरुवार को चांदी ने 4,20,048 रुपये का ऐतिहासिक स्तर छू लिया था। उस हाई लेवल से तुलना करें तो महज 24 घंटों के भीतर चांदी 1,28,126 रुपये टूट चुकी है।

### सोना भी औंधे मुंह गिरा: 33,000 रुपए का गोता

सिर्फ चांदी ही नहीं, सोने की चमक भी पूरी तरह गायब हो गई है। 24 कैरेट सोने में भारी बिकवाली देखी गई।

**- इंट्रा-डे क्रैश:** 2 अप्रैल की एक्सपायरी वाला सोना गुरुवार को 1,83,962 रुपये पर था, जो शुक्रवार को गिरकर 1,50,849 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इस तरह सोने में एक ही कारोबारी दिन में 33,113 रुपये की भारी गिरावट आई।

**- रिकॉर्ड हाई से गिरावट:** अगर गुरुवार के लाइफ टाइम हाई (1,93,096 रुपये) से देखें, तो सोना अपने ऊपरी स्तर से 42,247 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हो चुका है।

### क्यों आया बाजार में ऐसा भूचाल?

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, इस ऐतिहासिक गिरावट के पीछे एक नहीं, बल्कि कई बड़े कारण हैं:

**1. मुनाफावसूली:** कीमतें जब अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुंचीं, तो निवेशकों ने भारी मात्रा में मुनाफावसूली शुरू कर दी, जिससे बाजार पर बिकवाली का दबाव बना।

**2. डॉलर की मजबूती:** अमेरिकी डॉलर और यूएस ट्रेजरी यील्ड में आई तेजी ने सोने-चांदी की चमक फीकी कर दी है। डॉलर महंगा होने से अन्य मुद्राओं वाले देशों के लिए कमोडिटी खरीदना महंगा पड़ता है, जिससे मांग घटती है।

**3. फेड और ट्रंप फैक्टर:** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के बयानों से वैश्विक तनाव में कमी के संकेत मिले हैं। इसके अलावा, यूएस फेड में जेरोम पॉवेल की जगह केविन वार्श की एंट्री की खबरों ने भी बाजार का सेंटिमेंट बदल दिया है, जिससे सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने से निवेशकों का मोहभंग हुआ है।

31 जनवरी 2026 का यह क्रैश यह साबित करता है कि बाजार में अत्यधिक तेजी के बाद करेक्शन कितना घातक हो सकता है। जानकारों का कहना है कि ईटीएफ और वायदा बाजार में अभी और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

# सुनेत्रा पवार बनीं महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री

## राज्यपाल ने दिलाई शपथ, महाराष्ट्र को मिली पहली महिला सीएम

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम रहे अजित पवार के आकस्मिक निधन के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार आज उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। वहीं महायुति की घटक दल एनसीपी आज अपने नए अध्यक्ष का भी चुनाव कर सकती है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार शनिवार शाम पांच बजे लोक भवन में महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी। वे अपने दिवंगत पति और पार्टी प्रमुख अजीत पवार का स्थान लेंगी। लोक भवन की तरफ से यह जानकारी साझा की गई है। जानकारी के मुताबिक, राज्यपाल आचार्य देवव्रत, जो इस समय मसूरी में हैं, शाम चार बजे मुंबई पहुंचेंगे।




वहीं मुंबई एनसीपी की विधायक दल की बैठक शुरू हो गई है, जहां सुनेत्रा पवार को पार्टी का नेता घोषित किया जाएगा। इसके बाद वे राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी। शनिवार तड़के बारामती से मुंबई पहुंचने के बाद उन्होंने पार्टी नेताओं से बातचीत की। बता दें कि, देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री रहे अजित पवार की 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में चार अन्य लोगों के साथ मृत्यु हो गई थी।

**एनसीपी नेताओं ने अजित पवार को अर्पित की श्रद्धांजलि :** जानकारी के मुताबिक, एनसीपी नेता दिलीप वलसे ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा था। जिसके बाद सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया। इस बैठक से पहले सभी नेताओं ने अजित पवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि सुनेत्रा पवार को विधायक दल का नेता चुने जाने से जुड़ा पत्र मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सौंपा जाएगा।

# साध्वी की मौत की जांच के लिए गठित की गई एसआईटी

**जोधपुर।** जोधपुर में कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध मौत के मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। एसीपी छवि शर्मा को एसआईटी का चीफ बनाया गया है। बोरानाडा थाना अधिकारी शकील व साइबर एक्सपर्ट को एसआईटी की टीम में शामिल किया गया है।

**पिता ने दर्ज कराई शिकायत :** प्रेम बाईसा के पिता की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है। बाईसा की मौत के मामले में पुलिस ने इठर की धारा 194 के तहत अप्राकृतिक मौत का केस दर्ज किया है।



**28 जनवरी को हुई थी मौत :** जोधपुर में कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत 28 जनवरी 2026 की शाम को हुई थी, जिसने उनके लाखों अनुयायियों और संत समाज में गहरे शोक में डाल दिया। साथ ही उनकी मौत को लेकर सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

**इंजेक्शन लगाए जाने के बाद अचानक खराब हुई थी तबीयत :** सूत्रों के अनुसार, जोधपुर के पाल गांव स्थित अपने आश्रम में साध्वी प्रेम बाईसा (उम्र लगभग 23-25 साल) की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आश्रम में बुलाए गए एक कंपाउंडर ने उन्हें एक इंजेक्शन लगाया, जिसके तुरंत बाद उनकी हालत और खराब हो गई।

## रामकथा





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कविनगर रामलीला मैदान में चल रहे राम कथा महोत्सव में संत विजय कौशल जी महाराज ने सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल तथा प्रतिष्ठित शिक्षाविद, समाजसेवी और भाजपा नेता रामअवतार जिंदल को सम्मानित किया। कविनगर रामलीला मैदान में मंगलमय परिवार द्वारा संत विजय कौशल महाराज के मुखारबिन्द से मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

# अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने गाजियाबाद के प्रमुख प्रोजेक्ट्स का लिया अपडेट, कहा- कोई भी प्रोजेक्ट नहीं होना है लेट





**- 3000 कैमरों से होगी गाजियाबाद सिटी सेफ**

**- आईटीएमएस से होगी ट्रैफिक व्यवस्था मजबूत**

**- बायोडायवर्सिटी पार्क को पर्यटन केंद्र बनाने के निर्देश**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आईटीएमएस) का शनिवार को निरीक्षण उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने किया। निरीक्षण के दौरान इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के ट्रायल को देखा गया, जिसमें हापुड़ चुंगी रेड लाइट पर बिना हेलमेट स्कूटी सवार का चालान भी काटा गया। बताया जा रहा है कि अब गाजियाबाद को सेफ सिटी के रूप में बनाने के लिए लगभग 3000 कैमरों की निगरानी होगी। वहीं अपर मुख्य सचिव ने कहा कि 311, आईटीएमएस कंट्रोल रूम, एक ही भवन में संचालन जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और ट्रैफिक नियंत्रण की दिशा में सराहनीय पहल है। इससे शहरवासियों को जाम से राहत मिलेगी और यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी निगरानी संभव होगी।

बिल्डिंग का निरीक्षण उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़, जीडीए वीसी नंदकिशोर कलाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### बायोडायवर्सिटी पार्क बने एनसीआर का आकर्षक पर्यटन स्थल



करंट क्राइम : निरीक्षण के बाद नगर निगम के बायोडायवर्सिटी पार्क का स्थलीय निरीक्षण कराया गया। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि पार्क को एनसीआर के भव्य, आकर्षक और सुविधाजनक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए बायोडायवर्सिटी एक्सपर्ट के माध्यम से प्लानिंग कराते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं विजयनगर जोन अंतर्गत नवनिर्मित जोनल कार्यालय भवन का निरीक्षण करते हुए उद्घाटन से पूर्व इलेक्ट्रिक, इंटरनेट और अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं आर्मी ग्राउंड पर मियावाकी पद्धति से लगाए गए 55 हजार पौधों को छह माह में वृक्ष का रूप लेते देख अपर मुख्य सचिव ने नगर निगम उद्यान विभाग की प्रशंसा की। यह क्षेत्र अब ऑक्सीजन हब के रूप में विकसित हो रहा है।

### आर्मी ग्राउंड में पौधरोपण देख जताई प्रसन्नता



करंट क्राइम : विजयनगर क्षेत्र अंतर्गत आर्मी लैंड पर 6 माह पूर्व किए गए पौधारोपण का अवलोकन करते हुए अपर मुख्य सचिव ने प्रसन्नता व्यक्त की। 18,000 वर्ग मीटर भूमि पर मियावाकी पद्धति से लगाए गए 55,000 पौधे अब 6 फीट से अधिक ऊंचे हो चुके हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि कूड़े को हटाकर लगभग 50 से अधिक प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधे लगाए गए थे, जिनमें सिंदूर, पीपल, नीम, जामुन, कदम, पिलखन, अशोक, अर्जुन, कॉनोकार्पस, चक्रेसिया, आम, गुलमोहर, बेल, पत्थर, बॉटल ब्रश, अमरूद आदि शामिल हैं। यह क्षेत्र अब ऑक्सीजन हब के रूप में विकसित हो रहा है। अपर मुख्य सचिव ने उद्यान विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि आगे भी रिक्त भूमि पर इसी प्रकार पौधारोपण की निरीक्षण के दौरान महापौर सुनीता दयाल, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# 1 फरवरी के भारतीय तटरक्षक बल मनाएगा अपना 50वां स्थापना दिवस, भारतीय समुद्री सुरक्षा के लिए मजबूत ढाल

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल 1 फरवरी 2026 को अपना 50वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इसकी स्थापना 1977 में की गई थी। आज ये ईकाई 155 जहाजों और 80 विमानों वाली एक मजबूत समुद्री शक्ति के रूप में काम कर रही है। स्थापना दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम को आयोजन भी किया जाएगा।

1 फरवरी, 1977 को समुद्री चुनौतियों का सामना करने और भारत के बढ़ते समुद्री हितों की रक्षा के लिए इसकी स्थापना हुई थी। अधिकारियों ने बताया तटरक्षक बल को केवल सात सरफेस प्लेटफॉर्म के साथ शुरू किया गया था। आज 155 जहाजों और 80 विमानों के साथ मजबूत बल बन चुका है।

भारतीय तटरक्षक बल ने 2030 तक इस संख्या को बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। जिसमें जहाजों का संख्या 200 और विमनों का संख्या 100 की जानी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया संस्थाना के बाद से बल ने 11,800 से अधिक लोगों की जान बचाई है। तटरक्षक बल को समुद्री कानून प्रवर्तन, तटीय सुरक्षा, खोज और बचाव, समुद्री पर्यावरण संरक्षण और मानवीय सहायता का काम सौंपा गया है।



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय नौसेना के साथ समन्वय से लेकर लक्षद्वीप में साहसी बचाव अभियानों और हाल के महीनों में केरल तट से तीन प्रमुख समुद्री घटनाओं को मजबूती से संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

तटरक्षक बल में महिलाओं को भी समान अवसर दिया जाता है। समुद्र, आसमान और जमीन पर आधारित सभी भूमिकाओं में महिलाओं के शामिल होना सुनिश्चित किया जाता है। इससे महिलाओं के प्रति एक सम्मान और साकारात्म माहौल बनता है।

प्रधानमंत्री के 'अमृत काल' के विजन से निर्देशित और SAGAR (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) और MAHASAGAR (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र उन्नति) के सिद्धांतों को पूरा करने के लिए भी तटरक्षक बल एक प्रमुख स्तंभ है।

स्थापना दिवस से पहले, भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने तटरक्षक बल को शुभकामनाएं दी हैं।

# 'टीएमसी की विदाई का समय आ गया', बंगाल में ममता बनर्जी पर बरसे शाह, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अपना चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इस कड़ी में अब शनिवार को उत्तर 24 परगना में दिग्गज नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि अब टीएमसी की विदाई का समय आ गया है। इसी के गृहमंत्री अमित शाह ने ममता सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है। इसी के साथ गृहमंत्री ने ममता बनर्जी और उनकी पार्टी पर वंदे मातरम के अपमान का भी आरोप लगाया।

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, 'इस साल वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ है। पीएम मोदी की सरकार ने पूरे देश में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाने का फैसला किया है, लेकिन विडंबना देखिए। जब बंगाल में जन्मे और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम पर संसद में चर्चा हुई, तो ममता बनर्जी के सांसदों ने चर्चा का विरोध किया। क्या बंगाल की धरती वंदे मातरम के इस विरोध को बर्दाश्त कर सकती है? हमें यह संदेश बंगाल के हर व्यक्ति, हर वोटर, हर नागरिक तक पहुंचाना है कि ममता बनर्जी और टीएमसी वोट बैंक की राजनीति और घुसपैठियों को खुश करने के लिए वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं।



उन्होंने आगे कहा, 'वंदे मातरम का विरोध करके ममता बनर्जी नरेंद्र मोदी का विरोध नहीं कर रही हैं, बल्कि वह बंगाल की पहचान और भारत के गौरव का विरोध कर रही हैं। मैं बंगाल के लोगों से अपील करता हूं कि अगले चुनावों में बंगाल की पहचान का विरोध करने वाली टीएमसी को पूरी तरह से उखाड़ फेंकें और यहां देशभक्तों की सरकार लाएं।'

उन्होंने आगे कहा, आज, मैं यहां से मांग करता हूं कि बंगाल की मुख्यमंत्री इस घटना की निष्पक्ष, न्यायिक जांच कराएं, और जो लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें जेल भेजा जाए। सुवेंदु अधिकारी और सामिक भट्टाचार्य पीड़ितों के परिवारों से मिलने गए थे। हमारे कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया, और पुलिस ने उन पर बर्बरता की। ममता बनर्जी की पार्टी और सरकार का भ्रष्टाचार अब छिपा नहीं रह सकता।

## आनंदपुर अग्निकांड का उठाया मुद्दा

वहीं आनंदपुर अग्निकांड पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'आनंदपुर में लगी आग कोई हादसा नहीं है। 25 लोगों की जान चली गई है, और 27 लोग लापता हैं। यह घटना क्यों हुई? इस मोमो फैक्ट्री में किसका पैसा लगा है? मोमो फैक्ट्री के मालिक कौन हैं? मोमो फैक्ट्री के मालिक किसके साथ फ्लाइट से विदेश गए हैं? और मोमो फैक्ट्री के मालिक को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? अगर ये घुसपैठिए (मृतक) होते तो क्या ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया ऐसी ही होती? बंगाली नागरिकों की हत्या हुई है। इस मामले में आप वोट बैंक की राजनीति क्यों कर रही हैं? ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए।'

# विश्व आर्थिक मंच में कर्नाटक ने 46 कंपनियों से की द्विपक्षीय बातचीत, नहीं हुआ कोई समझौता

**कर्नाटक।** कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल ने शनिवार को कहा कि दावोस में हुए विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के दौरान उन्होंने वैश्विक और भारतीय कंपनियों, निवेशकों और विभिन्न देशों के नेतृत्व के साथ 46 द्विपक्षीय बैठकें कीं।

## किन क्षेत्रों की कंपनियों के साथ की बैठकें?

मंत्री एमबी पाटिल ने बंगलूरू में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान पाटिल ने बताया कि उन्होंने डब्ल्यूईएफ में वैश्विक और भारतीय कंपनियों, निवेशकों, शिक्षण संस्थानों और विभिन्न देशों के नेताओं के साथ कुल 46 द्विपक्षीय बैठकें कीं। उन्होंने बताया कि इनमें 26 अंतरराष्ट्रीय कंपनियां और 15 से अधिक भारतीय कंपनियां शामिल थीं।




ये बैठकें एयरोस्पेस और रक्षा, विनिर्माण, खाद्य प्रसंस्करण, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, डाटा केंद्र, डिजिटल बुनियादी ढांचा और स्वच्छ उर्जा जैसे क्षेत्रों से जुड़ी थीं।

## सरकार के स्तर पर भी हुई चर्चा

मंत्री के मुताबिक, इस यात्रा के दौरान सरकार के स्तर पर भी बातचीत हुई। उन्होंने कहा, हमने लिकटेंस्टीन और सिंगापुर के साथ सरकार के स्तर पर चचाएं कीं, ताकि सहयोग को मजबूत किया जा सके और संयुक्त रूप से कर्नाटक में निवेश आकर्षित किया जा सके।

उन्होंने कहा, हमने आईएमएफ की गीता गोपीनाथ और उद्यमी निखिल कामत जैसे लोगों से मुलाकात की और वैश्विक आर्थिक रुझानों, उद्यमिता और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बदलती भूमिका पर विचार साझा किए। डब्ल्यूईएफ के नेतृत्व के साथ बैठकों का जिक्र करते हुए पाटिल ने कहा, हमने अपलिंक के प्रमुख जॉन डटन और डब्ल्यूईएफ में अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं निवेश के प्रमुख सीन डोहर्टी से मुलाकात की, ताकि डब्ल्यूईएफ के मंचों के साथ कर्नाटक की रणनीतिक भागीदारी को और मजबूत किया जा सके और नवाचार, व्यापार व स्थिरता के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जा सके। मंत्री ने बताया कि दावोस में हुई चचाओं का फोकस निवेश को आसान बनाने वाले व्यावहारिक उपायों पर था।

## कर्नाटक में निवेश के लिए तैयार हुई मजबूत पाइपलाइनः एमबी पाटिल

पाटिल ने कहा कि इन बैठकों से कर्नाटक के लिए एक मजबूत निवेश पाइपलाइन तैयार हुई है। उन्होंने कहा, दावाओ से कर्नाटक के लिए विमानन और लॉजिस्टिक्स, पेय पदार्थ और खाद्य प्रसंस्करण, स्वच्छ उर्जा, उन्नत विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग), अंतरिक्ष तकनीक, डाटा केंद्र, जीसीसी और अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्रों में निवेश और साझेदारी की एक भरोसेमंद पाइपलाइन बनी है।

# सुनेत्रा महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनीं, 12 मिनट का शपथ ग्रहण, शरद पवार नहीं पहुंचे

**नई दिल्ली।** सुनेत्रा पवार ने आज शनिवार 31 जनवरी 2026 को महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। यह समारोह लोक भवन, मुंबई में आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ मराठी भाषा में ली गई। समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहे।

शपथ पूरी होते ही पार्टी समर्थकों ने जोरदार तरीके से 'अजित दादा अमर रहे' के नारे लगाये। समर्थकों ने न सिर्फ दिवंगत नेता को याद किया बल्कि सुनेत्रा पवार को उत्साह से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

## कैसे आया यह बदलाव?

पिछले दिनों महाराष्ट्र में एक दुखद घटना हुई थी। उनके पति और पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार का 28 जनवरी को बारामती में विमान दुर्घटना में निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे।





उनके निधन के बाद एनसीपी (अजित पवार गुट) ने शुक्रवार को आपात बैठक कर सुनेत्रा पवार को पार्टी का नेता चुना और बाद में उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी स्वीकार करने का प्रस्ताव दिया गया।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उपस्थित नेताओं और समर्थकों ने भावनात्मक माहौल बनाया। समारोह के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने सुनेत्रा पवार से बात की और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने उनका अभिवादन किया। समर्थकों ने नारे भी लगाए जैसे 'सुनेत्रा तुम आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं' और 'अजित दादा अमर रहे', जिससे यह स्पष्ट हुआ कि पार्टी कार्यकर्ता भावनात्मक रूप से इस परिवर्तन के साथ खड़े हैं। सुनेत्रा पवार पहले राज्यसभा सांसद थीं और अब उन्होंने महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री का पद संभाला है। उन्हें यह पद पहली महिला के रूप में मिला है, जो राज्य राजनीति में महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

# 'घी में मिलावट की रिपोर्ट पिछली सरकार ने दबाई', लड्डू विवाद पर मंत्री का बड़ा दावा

**आंध्र प्रदेश।** तिरुमाला घी और लड्डू विवाद को लेकर आंध्र प्रदेश के मंत्री पय्यावुला केशव ने दावा है कि 2019 में वाईएसआरसीपी सरकार ने निविदा की शर्तों में बदलाव किया था। मंत्री पय्यावुला केशव का दावा है कि लड्डू में मिलावट 2019 के बाद शुरू हुई, इसके सबूत मौजूद हैं। बता दें कि, 2022 में मैसूरु स्थित सीएफटीआरआई की तरफ से विश्लेषण किए गए घी के नमूनों में मिलावट पाई गई। मंत्री का कहना है कि पिछली सरकार ने इसे दबा दिया था। उन्होंने आगे कहा कि वाईएसआरसीपी को भगवान वेंकटेश्वर स्वामी में आस्था नहीं है। उन्होंने घी की खरीद को एक व्यावसायिक लेन-देन की तरह लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में भगवान के प्रति विश्वास को नजरअंदाज किया गया।



वित्त मंत्री के मुताबिक, घी के जो सैंपल राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) को भेजे गए थे, उनकी रिपोर्ट में साफ कहा गया था कि घी में पशु वसा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इसी रिपोर्ट का हवाला दिया था।

## जगन सरकार ने दबाई मिलावट की रिपोर्ट- केशव

मंत्री केशव ने आगे कहा कि घी के सैंपल केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई), मैसूरु को भी भेजे गए थे। वहां की रिपोर्ट में साफ लिखा था कि घी मिलावटी है। आरोप है कि तत्कालीन वाईएस जगन मोहन रेड्डी सरकार ने इस रिपोर्ट को दबाकर रखा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछली सरकार द्वारा नियुक्त टीटीडी बोर्ड ने घी की खरीद के लिए टेंडर की शर्तों में बदलाव किया। इससे कम टर्नओवर वाली छोटी कंपनियों को ठेका मिलने का रास्ता खुल गया।

वित्त मंत्री ने कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) की चार्जशीट में इस घी मिलावट को लेकर करीब 240 करोड़ रुपये का घोटाला बताया गया है। इसके अलावा, केशव ने आरोप लगाया कि तत्कालीन टीटीडी चेयरमैन वाईवी सुब्बा रेड्डी के निजी सहायक को डेयरी कंपनियों से चार करोड़ रुपये मिले, जिन्हें बाद में दूसरे खातों में ट्रांसफर किया गया।

# सियाचिन की बफीर्ली पहाड़ियों से थार के रेगिस्तान तक, भारतीय सेना में 'स्पेशल साथियों' का सम्मान



**नई दिल्ली।** देश के सबसे कठिन इलाकों में भारतीय सेना के जवानों का साथ कुछ और साथी भी तैनात रहते हैं, जो भारत की रक्षा करते हैं। भारतीय सेना प्रमुख ने इन्हीं साथियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया है।

भारतीय सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने दो बैक्ट्रियन ऊंट, दो जांस्कारी पोनी और दो आर्मी डॉग्स को सम्मानित किया है। बफीर्ली जगहों से लेकर रेगिस्तानी इलाकों तक भारतीय सेना में शामिल ये साथी कई चुनौतीपूर्ण अभियानों में अहम भूमिका निभा चुके हैं।

## बैक्ट्रियन ऊंट और जांस्कारी पोनी को सम्मान

भारतीय सेना के लिए बैक्ट्रियन ऊंट भारी सामान ढोने, ऊबड़-खाबड़ रास्तों और तीखी ढलानों को पार करने में मदद करते हैं। इन ऊंट की मदद से मुश्किल से मुश्किल इलाकों में सामान पहुंचा गया है।

जांस्कारी पोनी का भी भारतीय सेना में अहम स्थान है। इन साथियों ने सियाचिन ग्लेशियर और उसके आस-पास के इलाकों में तैनात भारतीय जवानों का साथ निभाया है।

# बंगाल में फिर शुरू हुआ हिंसा और धमाकों का दौर, विस्फोट के बाद तृणमूल नेता की कार के उड़े परखच्चे

**कोलकाता।** बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक सरगर्मी के बीच हिंसा और धमाकों का दौर शुरू हो गया है। दक्षिण 24 परगना जिले के कुलपी इलाके में शनिवार तड़के तृणमूल कांग्रेस के एक नेता की कार में भीषण विस्फोट हुआ।

धमाका इतना शक्तिशाली था कि कार के परखच्चे उड़ गए और जिस गैरेज में वाहन खड़ा था, उसकी एस्बेस्टस की छत पूरी तरह तबाह हो गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि टल गई।

## आधी रात का खौफ और आरोप-प्रत्यारोप

घटना छामनाबुनी गांव की है, जहां तृणमूल के बूथ अध्यक्ष कुतुबुद्दीन पाइक के घर के बाहर स्थित गैरेज में धमाका हुआ। कुतुबुद्दीन के अनुसार, रात करीब एक बजे एक जोरदार आवाज ने पूरे गांव को जगा दिया। जब लोग मौके पर पहुंचे, तो वहां का मंजर भयावह था।



## आईएसएफ का कहना है, 'गाड़ी में रखे बम खुद फटे'

दूसरी ओर, आइएसएफ ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए तृणमूल पर ही गंभीर सवाल उठाए हैं। स्थानीय आइएसएफ नेतृत्व का दावा है कि तृणमूल नेता चुनावों में इस्तेमाल के लिए अपनी कार में बमों का जखीरा इकट्ठा कर रहे थे, जिसमें दुर्घटनावश विस्फोट हो गया। पार्टी का कहना है कि अपनी साख बचाने के लिए तृणमूल अब विपक्ष पर झूठे आरोप मढ़ रही है।

पीड़ित नेता ने सीधे तौर पर विधायक नौशाद सिद्दीकी के नेतृत्व वाली इंडियन सेकुलर फ्रंट (आईएसएफ) पर हमला करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है, पहले भी मेरे घर को निशाना बनाया गया है। विपक्षी दल चुनावों से पहले दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

कोलकाता पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने इलाके को घेर लिया है और क्षतिग्रस्त कार को जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। पुलिस फिलहाल विस्फोट के कारणों पर चुप्पी साधे हुए है और फोरेंसिक साक्ष्यों का इंतजार कर रही है। हालांकि, इस घटना ने क्षेत्र में भारी तनाव पैदा कर दिया है, जिसे देखते हुए सुरक्षा बल फ्लैग मार्च कर रहे हैं।

# इकोनॉमिक सर्वे: रिकॉर्ड स्तर पर कॉरपोरेट मुनाफा कंपनियों की कमाई बढ़ी; टैक्स में बढ़ा आम आदमी का योगदान

**नई दिल्ली।** गुरुवार को पेश किए गए इकोनॉमिक सर्वे 2026 से देश की अर्थव्यवस्था की एक अहम तस्वीर सामने आई है। सर्वे बताता है कि जहां कॉरपोरेट इंडिया ने रिकॉर्ड मुनाफा कमाया, वहीं सरकारी खजाने में टैक्स के रूप में आम लोगों और गैर-कॉरपोरेट संस्थाओं का योगदान ज्यादा बढ़ा है। यानी मुनाफा कंपनियों का बढ़ा, लेकिन टैक्स का बोझ ज्यादा आम करदाता ने उठाया।

इकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक, देश के कुल कर राजस्व में प्रत्यक्ष करों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। कोरोना से पहले यह हिस्सेदारी करीब 52% थी, जो वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 59% हो गई।

कोविड से पहले व्यक्तिगत और गैर-कॉरपोरेट टैक्स जीडीपी का औसतन 2.4% था। कोविड के बाद यह बढ़कर 3.3% हुआ और एफ 25 में 3.7% के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान टैक्स कलेक्शन की रफ्तार नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ से भी तेज रही। अर्थशास्त्र में इसे टैक्स बॉयेंसी कहा जाता है।




व्यक्तिगत आयकर की हिस्सेदारी अब कुल टैक्स आय में करीब 32% हो गई है, जबकि कॉरपोरेट टैक्स की हिस्सेदारी सिर्फ 25% के आसपास बनी हुई है। वित्त वर्ष 2022 में व्यक्तिगत आयकर की हिस्सेदारी 24.7% थी, जो अब 31.8% तक पहुंच गई है। वहीं कॉरपोरेट टैक्स की हिस्सेदारी में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखता।

## इसके पीछे तीन बड़े कारण बताए गए हैं :-

पहला कारण- आय में बढ़ोतरी, जिससे ज्यादा लोग टैक्स दायरे में आए

दूसरा करण- तकनीक का इस्तेमाल, जिससे टैक्स चोरी कम हुई

तीसरा कारण- सरकार के छोटे-छोटे नज इंटरवेंशन, जैसे समय पर रिमाइंडर और प्रोत्साहन

## विदेशी संपत्तियों पर सख्ती

आयकर विभाग के फॉरेन एसेट कैंपेन के तहत डेटा मिलान किया गया। जिन करदाताओं की विदेशी संपत्ति रिटर्न से मेल नहीं खा रही थी, उन्हें नोटिस भेजे गए। इस अभियान में25000 लोगों ने रिटर्न संशोधित किए, 29000 करोड़ रुपए की विदेशी संपत्ति घोषित हुई और 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा की विदेशी आय सामने आई।

## कॉरपोरेट मुनाफा रिकॉर्ड स्तर पर

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, कॉरपोरेट मुनाफा ऋ21 के 2.5 लाख करोड़ से बढ़कर ऋ25 में 7.1 लाख करोड़ रुपए हो गया। यह करीब 184% की भारी बढ़ोतरी है। मुनाफा बढ़ने के साथ कॉरपोरेट टैक्स संग्रह भी 100% से ज्यादा बढ़ा, लेकिन कुल टैक्स में हिस्सेदारी लगभग स्थिर रही।

डेटा मिलान के जरिए गलत टैक्स छूट के दावों को भी पकड़ा गया। इसमें राजनीतिक चंदा और एचआरए से जुड़े गलत दावों पर नोटिस भेजे गए और 9,000 लोगों ने अपडेटेड रिटर्न फाइल किए। इससे 2050 करोड़ रुपए की गलत कटौती रोकी गई, 680 करोड़ रुपए का अतिरिक्त टैक्स सरकार को मिला और सिर्फ ल्फ्अ मामलों में 119 करोड़ रुपए से ज्यादा का अतिरिक्त कलेक्शन हुआ

## जीएसटी कलेक्शन भी मजबूत

अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच कुल जीएसटी संग्रह 17.4 लाख करोड़ रुपए रहा। सालाना आधार पर इसमें करीब 6.7% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# भारत में हर महीने आएंगे 10 प्लेन! इंडियो एअर इंडिया और अकासा के बीच तगड़ा कंप्टीशन

**नई दिल्ली।** भारत में डॉमेस्टिक एयरलाइंस के बीच तगड़ा कंप्टीशन शुरू हो गया है। इंडिगो, एअर इंडिया और अकासा, तीनों एयरलाइंस अगले दो साल में 240 प्लेन खरीदने वाली हैं।

देश में यात्रा करने का पैटर्न काफी तेजी के साथ बदल रहा है। बस और ट्रेन के सफर से अब लोग फ्लाइट पर भी शिफ्ट हो रहे हैं। समय की बचत के लिए लोग फ्लाइट लेना पसंद कर रहे हैं।

## हर महीने आएंगे 10 प्लेन

देश में वायु यातायात की डिमांड बढ़ने से एयरलाइंस ने नए प्लेन लाने का फैसला किया है। ये तीनों एयरलाइंस अगले दो साल में 240 प्लेन भारत में उतारने के लिए तैयार हैं।

एयरलाइंस के इस फैसले से भारत में हर महीने औसत 10 नए प्लेन आएंगे। इन प्लेन के आने से कई नए रूट खुलेंगे और मौजूदा मार्गों पर एयरलाइंस के बीच कंप्टीशन भी बढ़ेगा।




## कम होगा किराया

नए प्लेन के आने से फ्लाइट की प्राइस भी कम हो सकती हैं। एयरलाइंस के बीच कंप्टीशन होगा, तो सभी एयरलाइंस भी चाहेंगी कि वे ज्यादा से ज्यादा पैसेंजर्स को अपनी एयरलाइंस की तरफ मोड़ सकें।

एयरलाइंस के बीच इस कंप्टीशन के चलते किराया कम हो सकता है। नए प्लेन के आने से लोगों को सभी रूटों पर कई ऑप्शन मिलेंगे।

## नए प्लेन आने से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

भारत में विमानन उद्योग के बढ़ने से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बोइंग के मुताबिक, इन प्लेन के आने से अगले डेढ़-दो दशक में 45,000 हजार पायलट की जरूरत होगी। इसके साथ ही तकनीकी कर्मचारी और केबिन क्रू के लिए भी लाखों भर्तियां आएंगी।

दैनिक **करंट क्राइम**

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...







# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में भारत लगाएगा बड़ी छलांग: सुनील शर्मा

## एचआरआईटी विश्वविद्यालय में मिशन एआई सशक्त भारत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** देश और दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर तेजी से बदलते तकनीकी के बीच उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रभारी विधायक सुनील शर्मा ने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में आने वाले समय में बड़ी और निर्णायक छलांग लगाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन के केंद्र में भारत के युवा होंगे, जो दुनिया में सबसे अधिक समझदार और तकनीकी रूप से सक्षम हैं। शनिवार को एचआरआईटी विश्वविद्यालय में आयोजित मिशन एआई सशक्त भारत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री सुनील शर्मा ने यह बात कही। यह सम्मेलन एआई इम्पैक्ट समिट-2026 का आधिकारिक प्री-समिट था, जिसका आयोजन एचआरआईटी विश्वविद्यालय एवं वर्ल्ड एआई फोरम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सम्मेलन में पाँच से अधिक देशों के अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं ने भाग लिया। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में देश और दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर नई






बहस छिड़ी हुई है और यह तकनीक शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय युवाओं में जितनी संभावनाएं, दक्षता और नवाचार की शक्ति है, उतनी दुनिया के किसी अन्य देश के युवाओं में नहीं है।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद डॉ. प्रांजल जैन (सिविल सर्वेंट) ने सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल जो कि पूर्व राज्यसभा सांसद है कि ने कहा कि भारत आज एआई के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है और एचआरआईटी विश्वविद्यालय एआई आधारित शिक्षा, शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विशेष अतिथि डॉ. अमरेंद्र पाणि



(जॉइंट डायरेक्टर, एआईयू) ने सम्मेलन को भविष्य की तकनीकी दिशा तय करने वाला बताया। सम्मेलन में देश-विदेश से आए शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने एआई से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम का समापन उपकुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर कुलपति डॉ. डीके शर्मा, डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित, विश्वसनीय और जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देकर समावेशी जनकल्याण और सतत राष्ट्रीय विकास को गति देना रहा।

# यह दफ्तरी बाबू हैं खास, 40 साल की नौकरी में नहीं ली कभी मेडिकल लीव

## 17 डीजीपी, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित गाजियाबाद के दर्जनों एसएसपी और पुलिस कमिश्नर के साथ किया है सुधीर चौधरी ने काम

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यूं तो पुलिस विभाग में तमाम लोग नौकरी करते हैं और कुछ ऐसे लोग हैं जिनकी नौकरी सालों तक याद की जाती है और वह मिसाल बन जाते हैं। गाजियाबाद जिले में सन 1985 से लेकर 2026 तक अपनी सेवाएं देने वाले आज



उस दफ्तरी बाबू की चर्चा हो रही है, जिन्होंने 40 साल से अधिक पुलिस में नौकरी की और इस दौरान उन्होंने कोई भी मेडिकल लीव नहीं ली। साथ ही पूरी नौकरी के दौरान वह कभी गैर हाजिर भी नहीं हुए हैं। इसके साथ ही दफ्तरी बाबू के रूप में काम करने वाले सुधीर कुमार चौधरी ने पुलिस विभाग में 40 महीने 7 माह और 18 दिन का सफर तय किया है। जानकारी है कि सुधीर कुमार चौधरी ने इस दौरान उत्तर प्रदेश के 17 डीजीपी के साथ दिल्ली कार्यालय में न सिर्फ उनके सहायक के रूप में अपनी सेवाएं दीं बल्कि वह तीन बार देश के प्रधानमंत्री और कई मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का भी हिस्सा बने हैं। सुधीर कुमार सेवानिवृत हो गए हैं। शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के डीसीपी लाइन निमिष दशरथ पाटिल ने उन्हें सम्मान पत्र और सेवा समाप्त होने पर अग्रिम जीवन की शुभकामना दीं। सुधीर कुमार बताते हैं कि उन्होंने अपनी सेवा की



शुरूआत गाजियाबाद में एसएसपी रहे वीपी चक्रवर्ती के साथ की थी और गाजियाबाद के अंतिम एसएसपी के रूप में उनका कार्यकाल मुनिराज जी के साथ बीता है। इसके बाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू हो




गया जहां उन्होंने पहले अजय मिश्रा और पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के साथ भी दफ्तरी बाबू की भूमिका निभाने का काम किया है।

### वर्किंग स्टाइल भी रहा है आउटस्टैंडिंग

करंट क्राइम : सुधीर कुमार चौधरी बताते हैं कि वह पीवी नरसिम्हा राव, राजीव गांधी और अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में मौजूद रहे तो उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस के 17 डीजीपी के साथ भी दिल्ली में अपनी सेवा दीं। वह 40 साल की नौकरी के दौरान कभी मेडिकल लीव पर नहीं गए, तो कभी गैर हाजिरी भी नहीं काटी। उनका वर्किंग स्टाइल आउटस्टैंडिंग रहा है। तो दर्जनों मुख्यमंत्री के भी उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज कराई। दफ्तरी बाबू सुधीर कुमार चौधरी को अपनी सेवा में एक दर्जन बाद नगद पुरस्कार अधिकारियों द्वारा दिए गया है। तो 18 बार उनकी रैंकिंग उत्तम दर्ज की गई है। वहीं उन्होंने पुलिस विभाग में दफ्तरी बाबू को मिलने वाले 21 अलग-अलग मेडल प्राप्त करते हुए अपनी कार्य क्षमताओं का भी प्रदर्शन भी किया है। रिटायरमेंट के अवसर पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड और आईपीएस अधिकारी निमिष दशरथ पाटिल ने उन्हें सम्मान पत्र भेंट करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सुधीर कुमार चौधरी का कहना है कि उनकी सेवा का हर दिन एक सीख और चुनौती रहा, जिसने उन्हें हमेशा बेहतर और जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं सुधीर कुमार चौधरी की कार्यशैली और अनुशासन न सिर्फ उनके सहकर्मियों के लिए प्रेरणा है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह दिखाता है कि समर्पण और निष्ठा से लंबी सेवा का सम्मान और गौरव हासिल किया जा सकता है।

# अपराध मुक्त गाजियाबाद की मुहिम में पुलिस का एक्शन गदर

## 8 अपराधियों को कर दिया है 6 महीने के लिए जिला बदर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद को अपराध-मुक्त और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार प्रभावी अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नर के स्पष्ट निदेशों के तहत अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गाजियाबाद पुलिस ने अलग-अलग थानाक्षेत्रों के 8 शातिर अपराधियों को जिला बदर किया गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने जानकारी देते हुए बताया है कि यह कार्रवाई जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, अपराध पर नियंत्रण स्थापित करने और आम नागरिकों में कानून के प्रति विश्वास कायम रखने के उद्देश्य से की गई है।

पुलिस कमिश्नरेट में जिला बदर किए गए अपराधियों में थाना नंदग्राम क्षेत्र से सुंदर पाल, साहिल एवं पियूष, थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक से अमित शर्मा, थाना वेव सिटी से प्रवीण एवं परविंदर, सोहेल तालिब और थाना कौशांबी से तुषार कौशिक उर्फ तुषार पंडित शामिल हैं। इन सभी अपराधियों को निर्धारित अवधि तक गाजियाबाद जिले की सीमा से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं।

### जनवरी 2026 में 15 अभियुक्त हुए जिला बदर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि वर्ष 2026 के पहले माह जनवरी के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा कुल 15 अभियुक्तों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। जिला बदर की अवधि के दौरान संबंधित अभियुक्तों को स्थानीय थानों में नियमित रूप से हाजिरी लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके। पुलिस कमिश्नरेट का कहना है कि जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर अधीनस्थ अधिकारी लगातार कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे अपराधियों में भय और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा बढ़ रहा है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और गाजियाबाद को सुरक्षित शहर बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।




# जनता को राहत: महापौर ने गृहकर में 20% छूट की समय सीमा बढ़ाई

## अब 15 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी छूट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम ने जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी सम्पत्तिकरदाताओं के लिए गृहकर में 20 प्रतिशत की छूट की अवधि बढ़ा दी है।नगर निगम के अनुसार, सभी संपत्तिकरदाताओं को अपने भवनों पर निर्धारित कर नगर निगम कोष में जमा करना आवश्यक है। माननीय सदन के निर्णय के अनुसार, अब यह छूट 15 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि यह कदम जनता को




आर्थिक राहत देने और कर संग्रहण में आसानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे समय पर कर जमा कर इस छूट का लाभ उठाएं। वहीं, हाउस टैक्स बढ़ोतरी का मामला अभी भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। यह मुद्दा लगातार नगर निगम की सुर्खियों में बना हुआ है। महापौर की ओर से लगभग हर महीने छूट की घोषणाएं की जा रही हैं, जिससे जनता में राहत और उत्साह तो बढ़ा है, लेकिन अंतिम निर्णय न होने के कारण असमंजस भी बना हुआ है। बताया जा रहा है कि हाउस टैक्स से जुड़ा मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी इस विषय में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं कर पा रहे हैं, जिससे आम नागरिक यह नहीं समझ पा रहे कि कर जमा करने की वर्तमान दर पर ही कर दें या संभावित बढ़ोत्तरी का इंतजार करें। नगर निगम की लगातार छूट की घोषणाओं के बावजूद स्थिति स्पष्ट न होने के कारण शहरवासी बार-बार प्रशासन के चक्कर काटने पर मजबूर हैं। नगर निगम और महापौर प्रशासन के अगले कदम पर अब शहरवासियों की निगाहें टिकी हैं, जिससे हाउस टैक्स को लेकर चल रही उलझन समाप्त हो सके।

# बेटे के हाथों पिट कर भी मां रही खामोश, वीडियो वायरल हुआ तो क्षेत्रवासियों ने किया विरोध

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिटी जोन के मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बेटे द्वारा अपनी बुजुर्ग और बीमार मां से मारपीट की गई। यह घटना संजय नगर, सेक्टर-23 जागृति विहार की है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी बेटे की पहचान 44 वर्षीय निशांत ठाकुर के रूप में हुई है। निशांत ने अपनी 70 वर्षीय मां के साथ बेरहमी से व्यवहार किया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए



**पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है पुलिस**



आरोपी को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार, निशांत की बहन निशा अमेरिका में रहती हैं। उन्हें अपनी मां की सेहत और घर की सुरक्षा को लेकर पहले से चिंता थी। इस कारण उन्होंने मां के कमरे में सीसीटीवी कैमरा लगवाया था। फुटेज देखने पर उन्हें पता चला कि निशांत अपनी मां के साथ मारपीट कर रहा है। निशा ने यह वीडियो सोसाइटी के लोगों के साथ साझा किया, जिससे स्थानीय निवासियों में गुस्सा और आक्रोश फैल गया। तुरंत ही मधुबन बापूधाम थाना पुलिस को सूचना दी गई। एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि एक व्यक्ति वृद्ध महिला से मारपीट कर रहा था। जांच में आरोपी की पहचान निशांत ठाकुर के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। विधिक कार्रवाई प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई जारी है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और समाज में बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रही है।

# 20 वर्षों से भी अधिक सेवाएं देने वाले सांसद सहयोगी प्रेम सिंह हो गये रिटायर

## सहयोगी की सेवानिवृत्ति के पल को सांसद अतुल गर्ग ने बनाया यादगार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एक कहावत है कि अगर किसी खानदानी व्यक्ति को देखना है तो उसके दोस्तों और सहयोगियों की अवधि को देखो। प्रतिष्ठित लोगों के हमेशा दोस्त भी पुराने मिलेगें और उनके यहां उनके सहयोगी और कर्मचारी भी पुराने मिलेंगे। एक लंबे समय तक साथ निभाना और अपने सहयोगियों और कर्मचारियों की गलती पर भी उन्हें हल्का सा डांट कर मुस्कुराना ही बड़े व्यक्तित्व की पहचान होती है। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इसी



प्रतिभा के धनी हैं। जो लोग उन्हें करीब



से जानते है वो ये भी जानते हैं कि उनके पास पुराने दोस्त हैं। उनके पास उनके पुराने कर्मचारी हैं। उनके पास उनके पुराने सहयोगी हैं। ये तभी संभव होता है जब व्यक्तित्व विशाल होता है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अगर कहीं व्यस्त हैं तो एक आवाज सुनाई देती थी और वो आवाज होती थी 'नमस्कार मैं प्रेम सिंह बोल रहा हूं, सर अभी बिजी हैं आप आदेश करें'।

अब ये आवाज इसलिए नहीं सुनाई देगी क्योंकि लगभग 20 वर्षों से सांसद अतुल गर्ग के सहयोगी के रूप में कामकाज संभाल रहे प्रेम सिंह 31 जनवरी को रिटायर हो गये। लगातार साथ काम किया और उनके रिटायरमेंट के पल को लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने यादगार बनाया। उनका सम्मान किया और उन्हें सेवा निवृत्ति के जीवन की शुभकामनाएं दी। उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। प्रेम सिंह एक ऐसे सहयोगी रहे जो हमेशा अतुल गर्ग के साथ रहे। उन्होंने एक सहयोगी वाली पारी तब खेलनी शुरू की थी जब अतुल गर्ग सामान्य भाजपा नेता थे और अपना कामकाज देख रहे थे। ऑफिस हो या आवास हो, हर समय प्रेम सिंह हमेशा अतुल गर्ग के साथ मौजूद रहते थे। उनके कार्यक्रमों की डायरी प्रेम सिंह ही मेंटिन करते थे।

कौन सी फोटो कहां है ये सब बातें प्रेम सिंह को जुबानी याद हैं। सबसे खास बात ये रही कि वो हमेशा एक सेवादार, वफादार और विश्वस्त सहयोगी के रूप में अपने पूरा सेवाकाल में एक्टिव रहे। 31 जनवरी 2026 को प्रेम सिंह रिटायर हो गये।

## संपादकीय

# विकास के मजबूत संकेत

वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा संसद में पेश की गई। इस समीक्षा को वित्त मंत्रालय के अर्थशास्त्रियों ने मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन के नेतृत्व में तैयार किया है और यह हाल की अन्य समीक्षाओं की तुलना में नए सिरे से व्यवस्थित की गई है। जैसा कि समीक्षा में कहा गया है, यह ह्यअन्य जगहों पर हो रहे महत्त्वपूर्ण बदलावों के भार को भी दशार्ता है।ह्ण दुनिया के अलग-अलग हिस्सों और भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में हुए बदलावों ने वास्तव में अनिश्चितता में इजाफा किया है और मध्यम अवधि के आर्थिक परिणाम इस बात पर निर्भर होंगे कि ये घटनाक्रम किस प्रकार विकसित होते हैं। समीक्षा की व्यापकता और गहराई में विस्तार अधिक जानकारीपरक नीतिगत चचाओं को सक्षम बनाएगा और भारत को उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए बेहतर तैयारी करने में मदद करेगा। समीक्षा में तीन ऐसे विषयों पर भी चर्चा शामिल है जो मध्यम से दीर्घकालिक रुचि के हैं। ये हैं- आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का विकास, भारतीय शहरों में जीवन की गुणवत्ता की चुनौती तथा रणनीतिक लचीलापन पाने में राज्य की क्षमता तथा निजी क्षेत्र की भूमिकाएं।

चालू वित्त वर्ष पहले लगाए गए अनुमानों की तुलना में कहीं अधिक बेहतर साबित हो रहा है। पहले अग्रिम अनुमानों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.4 फीसदी है जो गत वर्ष की आर्थिक समीक्षा में जताए गए 6.3 से 6.8 फीसदी की तुलना में बेहतर है। नवीनतम समीक्षा में कहा गया है कि देश की संभावित वृद्धि दर संशोधित करके 7 फीसदी तक कर दिया गया है, जबकि तीन साल पहले यह 6.5 फीसदी था। इसने 2026-27 में वृद्धि दर के 6.8 से 7.2 फीसदी के बीच रहने का अनुमान जताया है। वृद्धि के अनुमान में यह इजाफा संकेत करता है कि हाल के वर्षों में जिन सुधारों को अंजाम दिया गया है और सरकार के पूंजीगत व्यय में जो इजाफा हुआ है उसने अर्थव्यवस्था की उत्पादक क्षमता में बढ़ोतरी की है। अल्पावधि में इसके परिणाम वैश्विक कारकों पर निर्भर करेंगे और इसकी अलग-अलग संभावनाएं हैं।

हालांकि समीक्षा में कहा गया है कि भारत अपनी वृहद अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती के कारण अन्य देशों की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर हालत में है। परंतु यह सुरक्षा की गारंटी नहीं है। विपरीत वैश्विक झटके बाहरी खाते में नजर आएंगे और उनका प्रभाव रुपये पर नजर आएगा। बीते कई महीनों से रुपया दबाव में है क्योंकि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक शेयर बाजार में बिकवाली कर रहे हैं।

भारत के लिए वैश्विक उथल-पुथल का जोखिम इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि यहां चालू खाते का घाटा है जिससे निपटने के लिए विदेशी निवेश आकर्षित करने की जरूरत होती है। इस बारे में समीक्षा ने सही कहा है कि भारत को निवेशकों को अपनी ओर आकृष्ट करना होगा और निर्यात आय बढ़ानी होगी।

# 45 साल की सबसे बड़ी गिरावट का असर सीएमई ने बढ़ाया सोने-चांदी का मार्जिन

**नई दिल्ली।** कीमती धातुओं में 45 साल की सबसे बड़ी गिरावट के बाद शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज (सीएमई) ग्रुप ने बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को जारी बयान में एक्सचेंज ने कॉमेक्स गोल्ड और सिल्वर फ्यूचर्स पर मार्जिन बढ़ाने की घोषणा की है। यह बदलाव सोमवार की क्लोजिंग से लागू होगा।



**अब इतना हो जाएगा सोने और चांदी पर मार्जिन :** गोल्ड के लिए नॉन-हाइटेंड रिस्क प्रोफाइल का मार्जिन अब अनुबंध के मूल्य का 8 फीसदी होगा, जो पहले 6 फीसदी पर था। हाइटेंड रिस्क प्रोफाइल में यह 6.6 फीसदी से बढ़कर 8.8 फीसदी हो जाएगा।

इसी तरह सिल्वर में नॉन-हाइटेंड रिस्क का मार्जिन 11 फीसदी से बढ़कर 15 फीसदी और हाइटेंड रिस्क का 12.1 फीसदी से 16.5 फीसदी हो जाएगा। प्लेटिनम और पैलेडियम फ्यूचर्स पर भी मार्जिन बढ़ाया जाएगा।

**रिकॉर्ड गिरावट के चलते बढ़ाया गया मार्जिन :** सीएमई ने कहा कि यह फैसला बाजार की वोलेटिलिटी की सामान्य समीक्षा के बाद लिया गया है, ताकि पर्याप्त कोलेटरल (सुरक्षा राशि) सुनिश्चित हो सके। हाल ही में सोना और चांदी में जबरदस्त तेजी आई थी, लेकिन पिछले दिनों में रिकॉर्ड गिरावट देखी गई। ट्रंप के फेड चेयर नॉमिनेशन और स्पेकुलेटिव बिकवाली से यह क्रैश हुआ था।

**शुक्रवार को आई 45 वर्षों की सबसे बड़ी गिरावट :** वैश्विक बाजार में शुक्रवार को स्पॉट सिल्वर 28 फीसदी गिरकर 83.45 डॉलर प्रति औंस पर आया, जबकि सिल्वर फ्यूचर्स 31.4 फीसदी टूटकर 78.53 डॉलर पर बंद हुए. यह 1980 के बाद सिल्वर का सबसे बुरा दिन था। इसी तरह स्पॉट गोल्ड 9 फीसदी नीचे 4,895.22 डॉलर पर और गोल्ड फ्यूचर्स 11.4 फीसदी गिरकर 4,745.10 डॉलर पर आए। 2025 में सोना 66 फीसदी और चांदी 135 फीसदी ऊपर गई थी, लेकिन अब प्रॉफिट बुकिंग और मार्जिन कॉल्स से जबरदस्त बिकवाली हुई।

**मार्जिन बढ़ने से प्रभावित होंगे छोटे ट्रेडर :** मार्जिन बढ़ने का मतलब है कि फ्यूचर्स ट्रेड करने वाले निवेशकों को अब ज्यादा पैसे जमा करने होंगे। अगर कोई ट्रेडर पहले कम मार्जिन पर पोजीशन रख रहा था, तो अब उसे अतिरिक्त कोलेटरल डालना पड़ेगा, वरना पोजीशन बंद हो सकती है।

# आज पेश होगा देश का आम बजट

## बजट को देखते हुए 'विशेष लाइव ट्रेडिंग सत्र' आयोजित होगा

**नई दिल्ली।** 1 फरवरी को देश का आम बजट पेश होने जा रहा है। यह रविवार का दिन है। आमतौर पर शेयर बाजार में शनिवार और रविवार को छुट्टी होती है, लेकिन आज निवेशकों के लिए सामान्य छुट्टी के दिनों से अलग है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट भाषण को देखते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने एलान किया है कि इस दौरान शेयर बाजार खुले रहेंगे और सामान्य दिनों की तरह कारोबार होगा। ऐसे में अगर आप भ्री वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की बजट भाषण के दौरान आज ट्रेडिंग करने की योजना बना रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है।




**विशेष लाइव ट्रेडिंग सत्र का होगा आयोजन :** एनएसई और बीएसई की ओर से जारी सर्कुलर के मुताबिक, बजट की अहमियत को देखते हुए 1 फरवरी को 'विशेष लाइव ट्रेडिंग सत्र' आयोजित किया जा रहा है। एक्सचेंजों का कहना है कि बजट में होने वाली बड़ी नीतिगत घोषणाओं पर बाजार को तत्काल प्रतिक्रिया देने का मौका मिलना चाहिए, इसलिए रविवार होने के बावजूद बाजार बंद नहीं रहेगा। आजाद भारत के इतिहास में इससे पहले केवल एक बार रविवार को भी शेयर बाजार में कारोबार हुआ था। 28 फरवरी 1999 को जब देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे, उस समय रविवार के दिन भी घरेलू शेयर बाजार में कारोबार हुआ था।

**ट्रेडिंग का समय: सुबह 9:15 से 3:30 बजे तक :** निवेशकों के मन में टाइमिंग को लेकर कोई कन्फ्यूजन न रहे, इसके लिए एक्सचेंजों ने स्थिति साफ कर दी है। कल बाजार की समय सारिणी सामान्य कारोबारी दिनों जैसी ही रहेगी:

**प्री-ओपन मार्केट:** सुबह 9:00 बजे शुरू होकर 9:08 बजे तक चलेगा।

**नॉर्मल मार्केट:** सुबह 9:15 बजे से शुरू होकर दोपहर 3:30 बजे तक नियमित कारोबार होगा।

इसका मतलब है कि आपको बजट भाषण के दौरान और उसके बाद अपनी रणनीति बनाने और सौदे करने का पूरा वक्त मिलेगा।

**क्यों लिया गया यह फैसला? :** बाजार के जानकारों का मानना है कि बजट के दिन बाजार का खुला रहना बेहद जरूरी है। वित्त मंत्री का भाषण आमतौर पर सुबह 11 बजे शुरू होता है। इस दौरान राजकोषीय घाटे, टैक्स स्लैब और सेक्टर-विशिष्ट घोषणाएं सामने आती हैं।

# जनवरी में देश में चीनी का उत्पादन 18 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** भारतीय चीनी और जैव-ऊर्जा निर्माता संघ (आईएसएमए) के मुताबिक, जनवरी में भारत का चीनी उत्पादन बढ़कर 195.03 लाख टन हो गया। यह पिछले सीजन की समान अवधि में 164.79 लाख टन था। इस तरह साल-दर-साल आधार पर उत्पादन में 18.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। आईएसएमए के अनुसार, फिलहाल देशभर में 515 चीनी मिलें परिचालन में हैं, जो पिछले साल इसी समय संचालित 501 मिलों से थोड़ा अधिक है। चीनी पेराई का सीजन आमतौर पर अक्तूबर से शुरू होता है।

**महाराष्ट्र सबसे आगे :** आंकड़ों के मुताबिक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक देश के सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य हैं और तीनों राज्यों में इस साल उत्पादन बढ़ा है। महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 78.72 लाख टन तक पहुंच गया है, जो पिछले सीजन की समान अवधि के मुकाबले करीब 42 फीसदी अधिक है। राज्य में इस समय 206 मिलें चालू हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 190 थी।

**यूपी और कर्नाटक में भी सुधार :** दूसरे नंबर पर रहने वाले उत्तर प्रदेश ने जनवरी के अंत तक 55.1 लाख टन चीनी का उत्पादन किया है। यह पिछले साल के मुकाबले करीब 2.5 लाख टन (लगभग 5 फीसदी) ज्यादा है, जिसे लगातार पेराई का समर्थन मिला। वहीं कर्नाटक में भी पेराई की रफ्तार बेहतर रही और उत्पादन में पिछले सीजन की तुलना में करीब 15 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# चांदी एक दिन में ही सवा लाख रुपये टूटी, सोना भी हुआ धड़ाम

**नई दिल्ली।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज और सरार्फा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों बड़ी गिरावट दिखी है। बाजार के जानकारों द्वारा जताया गया 'बुलबुला फूटने' का अनुमान सच साबित हुआ है। शुक्रवार का दिन कीमती धातुओं के लिए ऐतिहासिक गिरावट का दिन रहा। जहां चांदी की कीमतों में एक ही दिन में ही 1 लाख रुपये से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई, वहीं सोना भी एक झटके में 33,000 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हो गया। सोने और चांदी की कीमतों में हुई इस भारी गिरावट ने निवेशकों को चौंका कर रख दिया है।




**चांदी का बुलबुला फूटा: 1.28 लाख तक फिसले दाम :** बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, चांदी की कीमतों में आया यह भूचाल ऐतिहासिक है।

एक दिन में गिरावट: 5 मार्च की एक्सपायरी वाली चांदी का वायदा भाव गुरुवार को 3,99,893 रुपये पर बंद हुआ था, जो शुक्रवार को क्रैश होकर 2,91,922 रुपये प्रति किलो पर आ गया। यानी एक ही दिन में चांदी 1,07,971 रुपये सस्ती हो गई।

हाई लेवल से तबाही: गुरुवार को चांदी ने 4,20,048 रुपये का ऐतिहासिक स्तर छू लिया था। उस हाई लेवल से तुलना करें तो महज 24 घंटों के भीतर चांदी 1,28,126 रुपये टूट चुकी है।

**सोना भी औंधे मुंह गिरा: 33,000 का गोता :** सिर्फ चांदी ही नहीं, सोने की चमक भी पूरी तरह गायब हो गई है। 24 कैरेट सोने में भारी बिकवाली देखी गई।

इंट्रा-डे क्रैश: 2 अप्रैल की एक्सपायरी वाला सोना गुरुवार को 1,83,962 रुपये पर था, जो शुक्रवार को गिरकर 1,50,849 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इस तरह सोने में एक ही कारोबारी दिन में 33,113 रुपये की भारी गिरावट आई।

## रोचक तथ्यों का करंट



- जब बेंजामिन फ्रैंकलिन ने अपनी खुद की हारमोनिका का आविष्कार किया, तो यूरोप में इतना लोकप्रिय हो गया कि मोजार्ट और बीथोवेन ने इसके लिए संगीत बनाया।
- वेब रोटरी प्रेस के आविष्कारक विलियम बुलॉक को अपने स्वयं के आविष्कार से मार दिया गया था।
- अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने कई उड़ान मशीनों का आविष्कार किया, लेकिन उड़ान भरने के उनके प्रयासों को फ्लॉप किया गया।
- नोबेल पुरस्कार के अल्फ्रेड नोबेल, अपने प्रयोगशाला में एक दुर्घटना में अपने भाई को खो दिया। वे तरल नाइट्रोजन के साथ काम कर रहे थे और एक अधिक स्थिर विस्फोटक बनाने का प्रयास कर रहे थे। नोबेल दुर्घटना के बाद अपने शोध को पूरा करने में सक्षम थे और डायनामाइट का आविष्कार किया था।
- साल 17 9 5 में, नेपोलियन ने 12,000-फ्रैंक पुरस्कार की पेशकश की, जो कि भोजन को संरक्षित करने और इसे पोर्टेबल बनाने का एक तरीका खोज सके। एक पेरिस के कन्फेक्शनर ने 15 साल का प्रयोग किया और पुरस्कार जीता।
- थॉमस एडीसन ने टैटू कलम का आविष्कार किया था।

## राशिफल

**मेष :** किसी से बात करने में कुछ दिन लग जाते हैं इसलिए कोई ऐसी बात कह सकते हैं जो ठेस पहुंचा सकती है। इसलिए बोलते समय अपने शब्दों का ध्यान रखें।

**वृष :** रिश्तों में खटास आएगी और किसी बात को लेकर आप निराश भी होंगे। ऐसे में बेहतर होगा कि हम खुलकर बात करें।

**मिथुन :** पढ़ाई में रुचि कम होगी और अन्य कार्यों के प्रति भी आलस्य रहेगा। दिन कुछ सुस्ती भरा रहेगा, लेकिन शाम को कुछ ऐसा होगा जो उत्साहित कर देगा।

**कर्क :** राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शुभ है और उन्हें कोई अच्छा प्रस्ताव मिल सकता है। अपने राज किसी से शेयर करने से बचें।

**सिंह :** आज आपको अपने पार्टनर से प्यार तो होगा, लेकिन उसे जाहिर करने के मौके कम मिलेंगे। ऐसे में आप भी उनके साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं।

**कन्या :** किसी से भी लड़ाई-झगड़ा करने से बचें, यह बुरा होगा। घर में सबके बीच प्रेम बढ़ेगा, लेकिन किसी के साथ आपकी अनबन खुलकर सामने आएगी।

**तुला :** घर से बाहर न निकलें, या जाना ही पड़े तो पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल न करें। पूरी तरह सतर्क रहें और किसी भी अनजान व्यक्ति के संपर्क में न आएं।

**वृश्चिक :** यदि आपने किसी से पैसा उधार लिया है तो उसे आज चुका दें या उनसे आराम से बातचीत कर मामला सुलझा लें नहीं तो बात बिगड़ सकती है।

**धनु :** नौकरी कुछ दिनों के लिए अटक जाए या कारोबार ठप पड़ जाए तो जीवन सामान्य हो सकता है। आज का दिन कई शुभ संकेत लेकर आया है।

**मकर :** ग्रह दोष आज आप पर है इसलिए आपको हनुमान मंदिर जरूर आना चाहिए नहीं तो घर में तीन बार हनुमान चालीसा का पाठ करें। संकट टलेगा।

**कुंभ :** आज दिन भाग्यशाली है। अगर आप निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं या किसी से बात करना चाहते हैं तो आज कर लें। परिणाम आपके अनुकूल रहेंगे।

**मीन :** घर में किसी नए भाग्य का आगमन होगा जिससे मन प्रसन्न रहेगा। अगर आपके मन में कोई बात है तो खुलकर कहिए। कृषि के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

## चुटकुले

अकबर ने बीरबल से तीन नये सवाल पूछे
और कहा तीनों का जवाब
एक ही होना चाहिये।
दूध क्यों उफन जाता है ?
पानी क्यों बह जाता है ?
सब्जी क्यों जल जाती है ?
बीरबल ने जवाब दिया।
व्हाटसअप चालू होने की वजह से।

वो लड़कियां भी किसी आतंकवादी से कम नहीं
हुआ करती थी।
जो टीचर के क्लास मे आते ही याद
दिला देती है ..
सर आपने टेस्ट का बोला था!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com



# तिलक वर्मा ने शुरू की टी-20 विश्व कप की तैयारी

## नेट्स पर बल्लेबाजी करते हुए आए नजर

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने सात फरवरी से होने वाले टी20 विश्व कप के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। तिलक के पेट की सर्जरी हुई थी जिससे उनके टी20 विश्व कप में खेलने पर संशय पैदा हो गया था। लेकिन अब वह पूरी तरह से फिटनेस हासिल करने के करीब हैं। उन्होंने बंगलूरू स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मैच सिमुलेशन में हिस्सा लिया। तिलक ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट की हैं जिसमें वह अभ्यास करते नजर आ रहे हैं।

**भारतीय टीम के लिए टी20 विश्व कप से पहले राहत की खबर है। टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा फिटनेस हासिल करने के करीब हैं और उन्होंने नेट्स पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी अभ्यास शुरू कर दिया है।**



तिलक भारतीय टीम के अहम खिलाड़ी हैं और टी20 विश्व कप में उनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। तिलक का चोट के बाद वापसी करना भारत के लिए राहत भरी खबर है। आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले तिलक टी20 में भारत के लिए तीसरे नंबर पर उतरते हैं। तिलक की अनुपस्थिति में ईशान किशन न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में इस स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतर रहे हैं। ईशान ने भी इस स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं हो पाए शामिल

तिलक को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए नहीं चुना गया था क्योंकि वह पूरी तरह फिट नहीं थे। तिलक को पहले शुरूआती तीन मैचों से बाहर रखा और फिर बीसीसीआई ने बताया कि वह शेष दो मैचों में भी उपलब्ध नहीं रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तिलक ने शुक्रवार को मैच सिमुलेशन में हिस्सा लिया जिसके बाद उन्हें जल्द फिटनेस सर्टिफिकेट मिलने की संभावना है।

### तिलक की वापसी पर कैसा होगा संयोजन?

तिलक की वापसी के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम प्रबंधन तिलक और ईशान दोनों को प्लेइंग-11 में किस तरह फिट बैठा पाता है। तिलक ने भारत के लिए आखिरी मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें टी20 मैच में 19 दिसंबर 2025 को खेला था। उन्होंने 42 गेंदों पर 73 रन बनाए थे। माना जा रहा है कि तिलक को जल्द ही फिटनेस सर्टिफिकेट मिल जाएगा और वह रिहैब पूरा करने के बाद तीन फरवरी तक टी20 विश्व कप के लिए घोषित भारतीय टीम से जुड़ जाएंगे।

### तिलक का टी20 अंतरराष्ट्रीय में रिकॉर्ड

तिलक ने तीन अगस्त 2023 को तारौबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। तब से वह 40 मैच खेल चुके हैं और उनके नाम 1183 रन हैं।

उन्होंने नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो शतक बनाए और छह अर्धशतक भी जड़े हैं। तिलक नियमित रूप से भारत के लिए गेंदबाजी नहीं करते हैं और उन्होंने अब तक तीन विकेट लिए हैं।

# पाकिस्तान से मैच के पहले सचिन ने भारतीय अंडर-19 टीम से की बातचीत

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान की अंडर-19 टीमों के बीच रविवार को विश्व कप का मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले ही सचिन तेंदुलकर वर्चुअली टीम के सदस्यों के साथ बातचीत की है।



भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अंडर-19 विश्व कप में हिस्सा ले रही भारतीय टीम के खिलाड़ियों से पाकिस्तान के खिलाफ अहम सुपर सिक्स मुकाबले से पहले वर्चुअल बातचीत की। इंग्लैंड ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। इसके बाद रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला और भी महत्वपूर्ण हो गया है। सुपर सिक्स ग्रुप बी से नॉकआउट चरण में सिर्फ एक ही टीम जगह बना पाएगी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर वर्चुअल मुलाकात की तस्वीरों के साथ एक पोस्ट में कहा, यह अनुभव बेहद महत्वपूर्ण रहा जिसमें अगली पीढ़ी को लगातार बदलते खेल में सफलता और लंबे करियर के लिए अहम जानकारियां और दृष्टिकोण मिला। महज तकनीकी कौशल और फिट रहने तक सीमित नहीं थी बल्कि इसमें एकाग्रता बनाए रखने, अनुशासन, विनम्रता और सफलता के बावजूद जमीन से जुड़े रहने के महत्व पर भी जोर दिया गया।

**अजेय चल रही है भारतीय टीम**

भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप में रविवार को मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय अंडर-19 टीम अब तक टूनामेंट में अजेय बनी हुई है। उसने अब तक अमेरिका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे को हराया है। भारत को अगर सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करनी है तो उसे चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराना होगा।

**सचिन के नाम सबसे ज्यादा विश्व कप खेलने का रिकॉर्ड**

सचिन तेंदुलकर के नाम 1992 से 2011 के बीच सबसे अधिक आईसीसी क्रिकेट विश्व कप खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है।

# ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप से पहले लगा बड़ा झटका
## कमिंस बाहर हुए, कंगारू टीम ने किए दो बदलाव

**सिडनी।** टी20 विश्व कप की शुरूआत से पहले ही ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को 15 सदस्यीय टीम में दो बदलाव करने पड़े हैं क्योंकि पैट कमिंस और मैथ्यू शॉर्ट विश्व कप से बाहर हो गए हैं।



ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप शुरू होने से पहले ही बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 15 सदस्यीय टीम में दो बदलाव किए हैं। कमिंस के अलावा शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट भी टीम से बाहर हो गए हैं। इन दोनों की जगह टीम में तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस और बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ को जगह दी गई है।

### चोट से नहीं उबर सके कमिंस

कमिंस लंबे समय से चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एशेज टेस्ट सीरीज के ज्यादातर मैचों में हिस्सा नहीं लिया था।

माना जा रहा था कि वह टी20 विश्व कप से मैदान पर वापसी करेंगे, लेकिन टूर्नामेंट को शुरू होने में अब सात दिन का समय शेष है, ऐसे में कमिंस समय से पूरी तरह ठीक नहीं हो सके।

अंततः क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उन्हें बाहर करने का फैसला लेना पड़ा। कमिंस ऑस्ट्रेलिया के अहम सदस्य हैं और उनका नहीं होना कंगारू टीम के लिए बड़ा झटका है।

**हेजलवुड ने पास किया फिटनेस टेस्ट:** जोश हेजलवुड, टिम डेविड और नाथन एलिस की तिकड़ी ने टी20 विश्व कप के लिए फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। एशेज से पहले हैमस्ट्रिंग चोट लगने के बाद से हेजलवुड नहीं खेले हैं। वहीं, डेविड चोट के कारण बिग बैश लीग और पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में हिस्सा नहीं ले सके। एलिस भी इस वजह से बिग बैश लीग के फाइनल और पाकिस्तान दौरे से बाहर रहे।

### ग्रुप बी में शामिल है ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से पहले पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा ले रही है। टी20 विश्व कप की शुरूआत सात फरवरी से हो रही है और इसके मुकाबले भारत और श्रीलंका में खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में शामिल है जिसमें ओमान, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और श्रीलंका भी मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ कोलंबो में होने वाले मैच से करेगी।

**टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम:**

मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, बेन ड्वारशुइस, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहेनमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू रेनशॉ, मार्कस स्टोइनिस, एडम जांपा।

# विश्व कप से पहले अंतिम योजनाओं को परखेगी भारतीय टीम, न्यूजीलैंड के साथ पांचवां टी-20 आज

**भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज पांच मैचों की टी20 सीरीज का अंतिम मुकाबला तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। अगले सप्ताह से टी20 विश्व कप की शुरूआत होनी है, उससे पहले दोनों टीमों के पास अपनी तैयारियों को परखने का यह आखिरी अवसर होगा।**

**तिरुवनंतपुरम।** न्यूजीलैंड के साथ पांचवां और अंतिम टी20 मैच विश्व कप से पहले भारतीय टीम के पास अपनी योजनाओं को परखने अंतिम मौका होगा। शनिवार को होने वाले इस मुकाबले में सीरीज के परिणाम के लिहाज से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भारत 3-1 की बढ़त पर है और सीरीज अपने नाम कर चुका है, लेकिन खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम इस मुकाबले को जीतकर बड़े मनोबल के साथ विश्व कप का अभियान शुरू करना चाहेगी।

सैमसन की फॉर्म और अक्षर की फिटनेस बनी चिंता

विश्व कप से पहले भारतीय टीम की सबसे बड़ी चिंता ओपनर संजू सैमसन की फॉर्म और ऑलराउंडर अक्षर पटेल की फिटनेस है। तिरुवनंतपुरम का ग्रीनफील्ड स्टेडियम सैमसन का घरेलू मैदान है। उम्मीद है कि घरेलू समर्थन के बीच सैमसन का बल्ला जमकर बोलेगा। वहीं, पहले टी20 में अंगुली चोटिल कराने वाले अक्षर इस मैच के बाद से नहीं खेले हैं। हालांकि उन्होंने शुक्रवार को संजू को अभ्यास कराया। फिट होने पर टीम प्रबंधन उन्हें आजमाना चाहेगा। प्रयोग के लिहाज से भारत ने पिछले मैच में पांच मुख्य गेंदबाजों को खिलाया और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या-शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं कराई। पिछले दो मैचों में आराम देने के बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका मिल सकता है।

**सैमसन का डगमगाया है आत्मविश्वास:** प्रबंधन की नजर सैमसन पर रहेगी। वह इस सीरीज में सिर्फ 40 रन बना पाए हैं। फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। बीसीसीआई की ओर से साझा वीडियो से यह स्पष्ट हो गया है कि वह इस हिस्से में सुपरस्टार हैं।



क्या मायने रखेगी जीत?

भारत टी20 विश्व कप में अपना पहला मैच सात फरवरी को मुंबई में खेलेगा। देखा जाए तो भारत इस मैच को औपचारिकता नहीं मानेगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-1 की शानदार जीत से टीम का आत्मविश्वास और ज्यादा बढ़ेगा। विश्व कप से पहले टीम की एक और चिंता तीन खिलाड़ियों का चोटिल होना है। अक्षर सीरीज में शामिल हैं, जबकि इस सीरीज के पहले से तिलक और वाशिंगटन सुंदर रिहैब से गुजर रहे हैं।

# एलिना रयबाकिना बनीं ऑस्ट्रेलियन ओपन की विजेता
## फाइनल में विश्व की नंबर एक सबालेंका को हराया

**मेलबर्न।** रयबाकिना ने फाइनल में सबालेंका को दो घंटे 18 मिनट तक चले मैच में 6-4, 4-6, 6-4 से हराया।

एलिना रयबाकिना ने महिला एकल वर्ग के फाइनल में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को हराकर वर्ष का पहला ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया। रयबाकिना ने फाइनल में सबालेंका को दो घंटे 18 मिनट तक चले मैच में 6-4, 4-6, 6-4 से हराया। 26 साल की रयबाकिना ने शानदार वापसी करते हुए पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया। यह उनके करियर का दूसरा ग्रैंडस्लैम है। इससे पहले, उन्होंने 2022 में यूएस ओपन का खिताब जीता था।



**लगातार दूसरी बार चूकीं सबालेंका**

सबालेंका को लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में हार मिली है। इससे पहले उन्हें मैडिसन कीज ने हराया था। सबालेंका ने अपने करियर में अब तक चार ग्रैंडस्लैम जीते हैं। वह 2023 और 2024 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत चुकी हैं, लेकिन दो बार से वह यहां करीब आकर खिताब अपने नाम करने से चूक रही हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन के अलावा उन्होंने 2024 और 2025 में यूएस ओपन भी जीता था।

### किस तरह जीत दर्ज करने में सफल रहीं रयबाकिना

कजाखस्तान की रयबाकिना ने फाइनल मुकाबले में शुरूआत से ही दबाव बनाया और पहला सेट 6-4 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में रयबाकिना को सबालेंका से कड़ी टक्कर मिली और एक समय स्कोर 3-3 की बराबरी पर था। सबालेंका ने अच्छी वापसी की और दूसरा सेट 6-4 से जीता। तीसरे सेट में सबालेंका ने 3-0 की बढ़त बनाई, लेकिन चौथे गेम को जीतकर रयबाकिना ने वापसी की। उन्होंने लगातार तीन गेम जीतकर स्कोर 3-3 कर दिया।

# सेमीफाइनल का टिकट पक्का करने उतरेगी भारतीय अंडर-19 टीम

**बुलावायो।** पांच बार की चैंपियन भारतीय अंडर-19 टीम का सामना सुपर सिक्स के मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से रविवार को होगा। पाकिस्तान ने विश्व कप से पहले एशिया कप के फाइनल में भारतीय टीम को हराया था और अब आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली टीम के पास पाकिस्तान से हिसाब चुकता करने का मौका रहेगा। भारतीय टीम अब तक टूनामेंट में अजेय चल रही है और पाकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए वह सेमीफाइनल में जगह बना लेगी।

**क्या बरकरार रहेगी नो हैंडशेक नीति:** पाकिस्तान ने दिसंबर में अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान को 191 रनों से हराया था। अब भारतीय टीम इसी हार का बदला चुकता करने उतरेगी। माना जा रहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम नो हैंडशेक की नीति बरकरार रखेगी। भारतीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान या मैच के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिला रहे हैं। ऐसा ही अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भी देखने मिला था।

**किस तरह पाकिस्तान को बाहर कर सकता है भारत?**

**भारत और पाकिस्तान की अंडर-19 टीमों के बीच रविवार को विश्व कप का मैच खेला जाएगा। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिहाज से दोनों टीमों के लिए यह मैच काफी अहम है।**

सेमीफाइनल के लिए तीन टीमों ने क्वालिफाई कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और इंग्लैंड अंतिम चार में पहुंच चुके हैं और अब सिर्फ एक स्थान शेष है। भारत ने अपने सभी मैच जीते हैं और वह छह अंक लेकर इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर मौजूद है। भारत का नेट रन रेट भी +3.337 का है। भारत अगर रविवार को पाकिस्तान को हरा देता है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और पाकिस्तान का सफर सुपर सिक्स चरण में ही थम जाएगा।

## पाकिस्तान से हिसाब होगा चुकता



इतना ही नहीं, अगर किसी तरह पाकिस्तान ने भारत को हरा भी दिया तो दोनों टीमों के एक समान छह अंक होंगे। भारत का नेट रन रेट पाकिस्तान से बेहतर है और इसमें बड़ा बदलाव नहीं हुआ तो भी टीम सेमीफाइनल में पहुंच सकती है।

**भारत का मजबूत पक्ष**

विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने चार मैच में 183 रन बनाए हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 80 रन है। टीम के स्टार सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी लय में हैं और उन्होंने चार मैचों में 166 रन बनाए हैं।

उनके बल्ले से अब तक दो अर्धशतक निकल चुके हैं। विहान मल्होत्रा के रूप में भारत के पास मध्यक्रम में एक अच्छा बल्लेबाज है। उन्होंने चार मैचों में 151 रन बनाए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ विहान ने नाबाद 109 रनों की पारी खेली थी।

गेंदबाजी में तेज गेंदबाज हेनिल पटेल चार मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं, जबकि उद्धाव मोहन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन विकेट झटके हैं।

**शानदार लय में है भारत**

भारतीय टीम अब तक अंडर-19 विश्व कप में शानदार लय में है। भारत ने अपने अभियान की शुरूआत अमेरिका को छह विकेट से हराकर की थी। इसके बाद बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को ग्रुप चरण में हराया था। सुपर सिक्स चरण के पहले मैच में भारत ने जिम्बाब्वे को 204 रनों से हराया था। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला आसान नहीं रहेगा क्योंकि हाल ही में म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को पाकिस्तान से हार मिली थी।

# क्या भारत बरकरार रख पाएगा टी-20 विश्व कप का खिताब
## गांगुली ने भारत को बताया मजबूत टीम



**टी-20 विश्व कप की शुरूआत होने में कुछ ही दिन शेष हैं। इस बीच, पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने बताया है कि कौन सी टीम इसका खिताब जीतने की दावेदार हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने कोलकाता के ईडन गार्डेंस में मैचों की मेजबानी को लेकर भी बात की है।**

**कोलकाता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने भारतीय टीम को टी-20 विश्व कप के खिताब का प्रबल दावेदार बताया है। इस वैश्विक टूर्नामेंट का काउंटडाउन शुरू हो गया है और 20 टीमों के बीच खेले जाने वाला यह टूर्नामेंट सात फरवरी से होगा।

भारत और श्रीलंका मिलाकर कुल आठ स्थानों पर इसके मैच खेले जाएंगे। गांगुली के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम काफी मजबूत है और मौजूदा समय में अपना सर्वश्रेष्ठ गेम खेल रही है। 2019 से 2022 तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष हिस्सा रहे गांगुली का मानना है कि भारतीय टीम में काफी प्रतिभाएं हैं और वह बड़े टूर्नामेंट में प्रदर्शन करना जानती है।

गांगुली ने कैब द्वारा जारी वीडियो में कहा, भारत बेहद मजबूत टीम है और मेरे ख्याल से वह फिलहाल सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है। बल्लेबाजी, स्पिन विभाग और जसप्रीत बुमराह की अगुआई में तेज गेंदबाजी आक्रमण को देखें तो टीम में काफी प्रतिभाएं हैं।

ऐसे बड़े टूर्नामेंट में जरूरी होता है कि आप समय पर फॉर्म में आएं और टूर्नामेंट के दौरान अच्छा खेल दिखाएं।

मुझे पता है कि अतीत में क्या हुआ वो मायने नहीं रखता, लेकिन मैं भारतीय टीम को प्रबल दावेदार मानता हूं। **टी-20 विश्व कप में भारत का कार्यक्रम:** गत चैंपियन भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत सात फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ करेगी। इसके बाद टीम का सामना दिल्ली में 11 फरवरी को नामीबिया से होगा। ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम में खेला जाएगा। फिर टीम 18 फरवरी को अहमदाबाद में नीदरलैंड का सामना करेगी।

### मेजबानी के लिए उत्सुक गांगुली

टी-20 विश्व कप में कोलकाता का ईडन गार्डेंस छह मैचों की मेजबानी करेगा। एक सेमीफाइनल मैच भी इस स्टेडियम पर कराया जा सकता है अगर पाकिस्तान और श्रीलंका इसके लिए क्वालिफाई नहीं कर सके तो। गांगुली विश्व कप मैचों की मेजबानी के लिए उत्साहित हैं।



गांगुली ने कहा, मुझे लगता है कि सिर्फ कैब ही नहीं, पूरा शहर इस मेगा इवेंट का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। इसमें सात मैच हैं जिनमें 1 मार्च को भारत के खिलाफ एक मैच और फिर सेमीफाइनल शामिल है। तो यह एक बड़ा आयोजन है। जब हमने 2016 में पहली बार टी20 विश्व कप की मेजबानी की थी, तब मैं अध्यक्ष था। भारत-पाकिस्तान का मैच और फाइनल। तो यह एक शानदार स्टेडियम है, एक बेहतरीन जगह है और यह खचाखच भरा होगा। लोग इस टूनार्मेंट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वे यहां क्रिकेट का आनंद लेंगे, आएंगे और देखेंगे। वे हमेशा ही आते हैं। लोग क्रिकेट देखने आते हैं और वे इस बार भी आएंगे।

# अनाहत वाशिंगटन स्क्वाश ऑन फायर के सेमीफाइनल में




**पुरुष वर्ग में चोटरानी को मिली हार**

**नई दिल्ली।** भारत की उभरती हुई महिला स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए स्क्वाश ऑन फायर ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

युवा भारतीय स्टार अनाहत सिंह ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वाशिंगटन में स्क्वाश ऑन फायर ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में मिस्त्र की दूसरी वरीय सना इब्राहिम को हराया। भारत की दुनिया की 31वें नंबर की खिलाड़ी और सातवीं वरीय अनाहत ने तीसरे और चौथे गेम में 5-6 से पिछड़ने के बाद मुकाबले में वापसी की और पीएसए कांस्य स्तर प्रतियोगिता में मिस्त्र की दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी को 8-11, 8-11, 11-7, 11-8, 11-7 से हराया।

अनाहत का सेमीफाइनल में मुकाबला अमेरिका की सबरीना सोभी से होगा। वहीं, वीर चोटरानी पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के छठे वरीय डेक्लान जेम्स से हार गए। जेम्स ने चोटरानी को 8-11, 11-6, 14-12, 11-9 से हराया।




# गाजियाबाद में ढाबा कर्मचारियों ने चखने के विवाद पर की दो लोगों की हत्या, एक की हालत गंभीर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात उस समय सनसनी फैल गई, जब शराब पीने के दौरान ढाबा संचालक से चखने को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद ढाबे पर काम कर रहे युवकों ने तीन दोस्तों पर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ वार किए, जिसमें सत्यम और श्रीपाल की मौत हो गई, जबकि अनुराग गंभीर रूप से घायल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया और घायल को इलाज के लिए भिजवाया। इस घटना ने पुलिस पेट्रोलिंग और खुले में शराब पीने वालों पर सख्ती न करने की पोल भी खोल दी है।

सत्यम, श्रीपाल और अनुराग ई रिक्शा में शराब पी रहे थे। इन्होंने अपना ई रिक्शा ढाबे के सामने खड़ा कर रखा था। ढाबे से शराब के साथ खाने का सामान मंगवाने को लेकर ढाबा कर्मचारियों से इनका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि ढाबा कर्मचारियों ने चाकू या अन्य किसी नुकीले सामान से इन तीनों पर वार कर दिया। जिसमें सत्यम और श्रीपाल की मौत हो गई जबकि अनुराग घायल है।

सूचना पर पहुंची पुलिस फोर्स ने मौके से कई लोगों को हिरासत में लिया। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि शराब पीने के विवाद में झगड़ा हुआ। दो लोगों की मौत हो गयी है। जबकि एक युवक घायल है पूरे मामले की जांच जारी है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

## गोविंदपुरम में शराब पार्टी में विवाद, दोनों पक्षों ने की हवाई फायरिंग, पुलिस जांच में जुटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र के गोविंदपुरम इलाके में देर रात एक शराब पार्टी के दौरान विवाद के बाद हवाई फायरिंग हुई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, गोविंदपुरम निवासी कारोबारी गौरव गोयल के घर पर देर रात शराब पार्टी चल रही थी। इसी दौरान गौरव और उनके दोस्त हर्ष के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। बहस बढ़ने पर हर्ष के साथ आए कुछ लोगों ने कथित तौर पर गाली-गलौज की। आरोप है कि हर्ष के साथ मौजूद युवकों ने घर के बाहर निकलकर हवा में फायरिंग की और अपनी कार से मौके से फरार हो गए।

इसके बाद गौरव गोयल ने भी घर के बाहर आकर अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से दो हवाई फायर किए और पुलिस को घटना की सूचना दी। गोविंदपुरम के आई-ब्लॉक में मकान नंबर 700 में रहने वाले कारोबारी गौरव गोयल ने बताया कि यह उन पर पहला हमला नहीं है। उन्होंने जानकारी दी कि साल 2017 में भी उन पर चार




गोलियां चलाई गई थीं, लेकिन वे उस हमले में बच गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को गौरव गोयल सड़क पर अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर के साथ मिले। बताया गया कि उस समय गौरव नशे की हालत में थे और ठीक से बयान देने में असमर्थ थे। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि फायरिंग की घटना की पुष्टि हुई है। पुलिस फरार युवकों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## नेशनल पब्लिक स्कूल में 'स्पर्धा 2.0' की धूम
## खेल के मैदान में नन्हे बच्चों ने दिखाया दम

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव 'स्पर्धा 2.0' का आयोजन किया गया। इस दौरान खेल के मैदान में छात्रों का उत्साह और अनुशासन देखते ही बनता था। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भाग लिया और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस मौके पर सुशील प्रताप सिंह (मुख्य अतिथि एवं नगर निगम जोनल अधिकारी)। संजीव शर्मा (चेयरमैन, इंडो वैली स्कूल), पप्पू पहलवान (महानगर महामंत्री), मुकेश कुमार (चौकी प्रभारी, करण गेट) मौजूद रहे। प्रधानाचार्य रीना शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा: खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न अंग हैं। इससे बच्चों का न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और बौद्धिक विकास भी सुनिश्चित होता है।







खेल उत्सव के समापन पर शांतनु शर्मा ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का धन्यवाद किया। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि खेल के मैदान से ही बच्चों में आत्मविश्वास और टीम वर्क (सहयोग की भावना) जैसे गुण विकसित होते हैं, जो भविष्य में उन्हें एक बेहतर इंसान बनाते हैं।

## बार एसोसिएशन मोदीनगर कार्यकारणी की अहम बैठक हुई आयोजित

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन मोदीनगर कार्यकारणी की एक अहम बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता अध्यक्ष एडवोकेट चैधरी जगवीर सिहं व संचालन कनिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट अजीत कुमार ने किया गया।

बैठक में उपजिलाधिकारी लोनी दीपक सिधनवाल द्वारा तहसील बार एसोसिएसन लोनी के सम्मानित साथियो की नवनिर्मित तहसील भवन में अधिवक्ताओ के बैठने की मांग करने पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं से अभद्र व्यवहार करने व अपमानित करने के सम्बन्ध में तहसील बार एसोएिसन लोनी का एक पत्र बार एसोसिएसन मोदीनगर को प्राप्त हुआ था। जिस पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी लोनी दीपक सिघनवाल द्वारा लोनी के अधिवक्ताओं के साथ किये गये अभद्र व्यवहार की घोर निंदा करते हुये निर्णय लिया गया कि तहसील बार एसोसिएशन लोनी जो भी निर्णय बार एसोसिएसन मोदीनगर के समस्त अधिवक्तागण लोनी बार के हर निर्णय के साथ खड़े रहेगे। साथ ही अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी मोदीनगर को एक ज्ञापन सौपते हुये विरोध में 2 फरवरी को तहसील मोदीनगर के समक्ष न्यायालयो में पूर्ण रूप से न्यायिक कार्यों से विरत रहने की बात कही है। इस दौरान तहसील के अधिकतर अधिवक्ता मौजूद रहें।

## रिश्वत मांगने के आरोप में एसडीओ निलंबित

**लोनी।** विद्युत वितरण खंड लोनी नाईपुरा में तैनात उपखंड अधिकारी (एसडीओ) को रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। एसडीओ का नए कनेक्शन के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगते हुए ऑडियो वायरल हुआ था। पीड़ित की शिकायत पर पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) ने जांच के बाद एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई की। हालांकि, हिन्दुस्तान वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता। विद्युत वितरण खंड लोनी नाईपुरा में तैनात एसडीओ भरत कुमार का औद्योगिक क्षेत्र में नए कनेक्शन और लोड बढ़ाने के लिए पचास हजार रुपये की रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल हुआ था।

मुख्य अभियंता नरेश भारती ने बताया कि शिकायतकर्ता ने 29 जनवरी को उनसे मामले की शिकायत कर ऑडियो भेजा था। ऑडियो में उपखंड अभियंता औद्योगिक क्षेत्र में बिजली के नए कनेक्शन व लोड स्वीकृत कराने के लिए 50 हजार रुपये मांग रहा था। उन्होंने मामले की जानकारी एमडी रविश गुप्ता को दी। शिकायत पर एमडी ने मामले की जांच के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच करने पर पता चला कि ऑडियो में उपखंड अभियंता भरत कुमार द्वारा अज्ञात व्यक्ति से रिश्वत की मांग की जा रही थी। मामले की जांच करने पर एसडीओ को दायित्व के निर्वहन में शिथिलता बरतने और रिश्वत मांगने के साथ अनुशासनहीनता का दोषी पाया गया। उपखंड अभियंता के खिलाफ विभागीय जांच एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए जांच पूरी होने तक उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

## दिल्ली हिंदी साहित्य सम्मेलन ने विवेकानंद जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की

**नई दिल्ली।** दिल्ली हिंदी साहित्य सम्मेलन ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विवेकानंद जयंती के अवसर पर 30 जनवरी 2026 को नवयुग स्कूल, पेशवा रोड में एनडीएमसी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का विषय युवा शक्ति के व्यक्तित्व निर्माण में विवेकानंद के विचारों की भूमिका रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार इंदिरा मोहन ने की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। सारस्वत अतिथि बाल साहित्यकार रिंकल शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके संदेश ह्लउठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक लगे रहोह्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के महामंत्री प्रो.





हरीश अरोड़ा ने विवेकानंद की विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए मार्गदर्शक बताया। विद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी कौशिक ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए उपयोगी बताया। प्रतियोगिता में लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## मदद के नाम पर युवती के साथ किया दुष्कर्म

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मदद के नाम पर एक युवती ने युवक पर बंधक बनाकर दुष्कर्म किये जाने का आरोप लगाया है। युवती किसी तरह बंधनमुक्त हो थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी, पुलिस जांच कर रही है। गौरतलब है कि युवती ने 2022 में हुए एक दुष्कर्म मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। यह मुकदमा वर्तमान में गाजियाबाद कोर्ट में विचाराधीन है। पीड़िता के अनुसार, कॉलोनी निवासी एक युवक उसे न्याय दिलाने में मदद करने का झांसा दे रहा था। इसी दौरान उसने युवती को कई दिनों तक बंधक बनाकर रखा और उसका शारीरिक शोषण किया। एसीपी ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नौकरी लगवाने का झांसा देकर 2.47 लाख ठगे

**इंदिरापुरम।** साइबर ठगों ने टेलीग्राम के माध्यम से भोवापुर में रहने वाले व्यक्ति से नौकरी का झांसा देकर 2.47 लाख रुपये ठग लिए। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। जतिन कुमार ने बताया कि उन्हें नौकरी की जरूरत थी। टेलीग्राम के माध्यम से उनको नौकरी लगवाने का ऑफर मिला। उन्होंने नौकरी लगवाने वाले व्यक्ति से बातचीत की। ठगों ने उन्हें नौकरी लगवाने का झांसा देकर 10 हजार, फिर 20 हजार, 56568 रुपये इसके बाद एक लाख और पांचवीं बार में उनसे 61,350 रुपये ले लिए। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने और रकम ट्रांसफर करने से इन्कार कर दिया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि जिन खातों में रकम ट्रांसफर कराई गई है, उनकी डिटेल निकाली जा रही है।




## 23 बैंच वालों की बढ़ेगी अभी और टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में फरवरी के महीने में कई बड़े बदलाव होने वाला हैं। बताया जा रहा है कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से कई चौकी प्रभारी आउट होने वाले हैं। साहब के मन में डाउट आ गया है तो नया फरमान भी बाहर आया बताया जा रहा है। सूत्रों के जरिये एक महत्वपूर्ण जानकारी बाहर निकल कर आई है। बताया जा रहा है बीते दिनों बड़े साहब ने एक लैटर जारी किया था, जिसके बाद पूरा मैटर ही बदल गया है। अब बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के देहात से लेकर नदिया पार और सिटी तक में खास स्थानों पर जमे हुए 2023 बैच वाले वह टू-स्टार जो चौकी पर कमान संभाले हुए हैं, उनकी टेंशन बढ़ सकती है। इसके साथ ही मिसकंडक्ट वालों को भी परेशान होना होगा। सुनने में आ रहा है कि कईयों की चौकी बदल जाएगी, बल्कि उनके जोन और सर्किल भी बदलेगें। तो वहीं पुराना कनेक्शन भी ब्रेक होगा। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि 2023 बैच के उन कई टू- स्टारों का दिल टूट गया है जो सिटी के लिए अपनी जान लगाए हुए थे। कुल मिलाकर



बताया यह जा रहा है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एक जोन को लेकर एक माननीय ने 2023 बैच की पोस्टिंग पर सवाल उठाए थे, आखिरकार उस विषय पर 26 वाली मुलाकात के बाद असर नजर आ रहा है। कुल मिलाकर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 2023 बैच वालों के मामले, कारनामे और कांड सुर्खियों में आए थे, उसका ही इसे साइड इफेक्ट भी बताया जा रहा है। अब देखना होगा कि फरवरी में आने वाली लिस्ट में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में क्या टविस्ट् आएगा। किन-किन थ्री-स्टारों की चांदी लगने वाली है और कईयों को हॉट सीट से फील्ड वाली साइड में आना पड़ेगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से लेकर लखनऊ और कई जिलों में लिस्ट का बेसबरी से वेट बताया जा रहा है। वैसे खाकी वाले ही बता रहे हैं कि महकमे में भी चर्चाएं जोरों पर है। अब देखना होगा कि पुलिस कमियनरेट वाले सिस्टम में फरवरी का महीना शुरू हो गया है और अब गुलाबी ठंड के बीच पुलिस महकमे ट्रांसफर वाला डंडा चलने वाला बताया जा रहा है। वहीं देखना होगा 2023 वालों में किसको साइड और किसको टाइट किया जाता है।

## ऊंची जाति की चिंताओं के समाधान का प्रावधान होता तो यूजीसी गाइडलाइंस को लेकर विरोध नहीं होता : दिग्विजय सिंह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि यूजीसी एक्ट में अगर अपर कास्ट की चिंताओं को दूर करने का प्रावधान होता, तो इस गाइडलाइंस को लेकर इतना विरोध नहीं होता। उन्होंने कहा कि ऊंची जाति की चिताओं का समाधान होना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरेंद्र राठी की माता जी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे दिग्विजय सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यूजीसी गाइडलाइंस को लेकर जो विरोध हो रहा है उसके पीछे ऊंची जाति की चिंताएं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष का अपना स्थान होता है। बिना विपक्ष लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति का अधिकार दिया है। जिसके आधार पर वह अपना विचार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि यूजीसी गाइडलाइंस को लेकर विपक्ष मौन है। विपक्ष अपने स्तर पर अपनी राय प्रकट कर रहा है। यूजीसी ने जो गाइडलाइंस बनाई थी उसे पर सुप्रीम कोर्ट ने स्टे लगा दिया। कांग्रेस सभी वर्गों के हित को सुनिश्चित करना चाहती है।





कांग्रेस ने उच्च वर्ग के गरीब लोगों को आरक्षण का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी खुद नजर बनाए हुए हैं। संगठन को विधानसभा चुनाव से पहले मजबूत किया जाएगा। दिग्विजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस एक मजबूत ताकत है। लोकसभा चुनाव में यह साबित हो चुका है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा पूर्व प्रदेश सचिव संजीव शर्मा समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## उत्तरांचल कल्याण वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव संपन्न, सुंदरलाल गौड़ सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के लाइन पार क्षेत्र स्थित विजय नगर प्रताप विहार में उत्तरांचल कल्याण वेलफेयर एसोसिएशन (पंजीकृत) के चुनाव दिनांक 14.12.2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव में श्री सुंदरलाल गौड़ जी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

इसके साथ ही महिपाल सिंह रावत को महासचिव, रोशन नौटियाल को उपाध्यक्ष तथा संजय राणा जी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। चुनाव के उपरांत संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर दायित्व सौंपे गए। कार्यकारिणी विस्तार में भगत सिंह मनराल को संयोजक, बलजीत सिंह रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रोशन लाल नौटियाल को मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया। संस्थापक मंडल में 0एन0 डंगवाल,




प्रकाश पंत, गुलाब सिंह राणा, सुंदर सिंह चौहान, गणेश राणा, दिलेर सिंह चौहान एवं विक्रम सिंह नेगी शामिल किए गए।

संरक्षक मंडल में गामा राम रतूड़ी, घनश्याम उनियाल एवं सुभाष खंडूरी को स्थान दिया गया। मुख्य सलाहकार के रूप में बद्री प्रसाद उनियाल तथा सलाहकार मंडल में सी.पी. पांडे, हुकम सिंह पवार, हर्षानंद खनसाली, मुकेश कंतवाल एवं के.ए.एस. पवार को नियुक्त किया गया।

इसके अतिरिक्त उपकोषाध्यक्ष दीपक रावत, सांस्कृतिक सचिव धनराज नेगी, मुख्य संगठन सचिव अतुल कुमार, सचिव जयदेव गोड, संपदा सचिव नरेंद्र गॉड, मीडिया प्रभारी हिमांशु बर्थवाल एवं लेखा निरीक्षक नरेंद्र उनियाल को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## सब्जी खरीदने के दौरान हुए विवाद में युवक को बेरहमी से पीटा,हालत गंभीर



मुरादनगर। आयुध निमार्णी फैक्टरी परिसर में दोस्त के साथ सब्जी खरीदने के लिए बाजार गए युवक पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। दोनों को गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आयुध निमार्णी फैक्टरी परिसर स्थित न्यू टाइप वन निवासी उज्जवल अपने दोस्त दर्शन के साथ छोटी मार्केट में सब्जी खरीदने के लिए गया था। वहां पर उज्जवल की रितिक लाखा के साथ कहासुनी हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ी कि रितिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर धारदार हथियार व ईट से वार कर दोनों को गंभीर रुप से घायल कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने तुरंत उंहे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया,लेकिन हालत गंभीर होने पर गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने रितिक लाखा निवासी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ रूचि गोयल को वैवाहिक वर्षगांठ पर बधाई और शुभकामनांए देने वालों का एक सिलसिला सोशल मीडिया पर जारी रहा। सभी ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और उनकी पत्नी डॉ रूचि गोयल को उनके सफल, सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए बधाई तथा शुभकामनाएं दी। मयंक गोयल और डॉ रूचि गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया। वैवाहिक जीवन की खुशियों को समेटे यह पोस्ट बनी दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान का बड़ा एलान अमेरिकी युद्धपोत के पास करेगा नौसैनिक अभ्यास

**दुबई / वॉशिंगटन ।** अमेरिका की तरफ से विमानवाहक पोत अब्राहम लिंकन और अन्य अमेरिकी सैन्य संपत्तियों को पश्चिम एशिया में तैनात करने के बाद, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास की घोषणा की है, जो रविवार से शुरू होने वाला है।

अमेरिका ने ईरान की तरफ से अपना सबसे बड़ा बेड़ा भेजा है, जिससे पश्चिम एशिया में मौजूदा तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। वहीं ईरान ने भी मोर्चा संभालते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास की घोषणा की है। इस पर अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान ने ईरानी सेना को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान भरने जैसे असुरक्षित युद्धाभ्यास को बर्दाश्त नहीं करेगा, जिसमें अमेरिकी जहाजों से टक्कर की



दिशा में ईरानी स्पीडबोटों का आना भी शामिल है।

### बातचीत के लिए तैयार है ईरान- अराघची

वहीं इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उनका देश निष्पक्ष और न्यायसंगत बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन उन्होंने ट्रंप की मुख्य मांगों को खारिज कर दिया। अराघची ने कहा कि रक्षा रणनीतियां और मिसाइल प्रणालियां कभी भी बातचीत का विषय नहीं होंगी।

### ईरान का दावा- पहले से ज्यादा मजबूत हुई सैन्य क्षमताएं

ईरान की तरफ से ये भी दावा किया गया है कि हाल ही में हुए 12-दिवसीय युद्ध से उसकी सैन्य क्षमताएं पहले से ज्यादा मजबूत हुई हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक, सेना प्रमुख अमीर हातमी ने एक सैन्य समारोह में कहा कि इस संघर्ष से ईरानी सेना को अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने का मौका मिला, साथ ही विरोधी पक्ष की रणनीति को भी बेहतर ढंग से परखा गया।

हातमी के अनुसार, इस युद्ध के बाद ईरान की मिसाइल प्रणाली, हवाई रक्षा और समग्र सैन्य क्षमता पहले से बेहतर और मजबूत स्थिति में है। उन्होंने इसे ईरान के लिए अनूठा अनुभव बताया, जिससे भविष्य में किसी भी हमले से निपटने की तैयारी और पुख्ता हुई है।

### ईरान की चेतावनी- पूरी ताकत से दिया जाएगा जवाब

ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी और सर्वोच्च नेता के सलाहकार अली शमखानी ने कहा है कि किसी भी दुश्मन कार्रवाई का प्रभावी और डर पैदा करने वाला जवाब दिया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि ईरान सिर्फ समुद्र तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि व्यापक और उन्नत सैन्य विकल्पों के लिए पूरी तरह तैयार है। शमखानी ने कहा कि फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ने का मतलब यह नहीं कि अमेरिका को यहां बढ़त मिल गई है। उन्होंने कहा, 'यह हमारा क्षेत्र है, इसकी भौगोलिक स्थिति और ताकत को हम किसी भी बाहरी शक्ति से बेहतर जानते हैं।'

### होर्मुज जलडमरूमध्य क्यों है इतना अहम?

ईरान जल्द ही जिन नौसैनिक अभ्यासों की तैयारी कर रहा है, उनका केंद्र होर्मुज जलडमरूमध्य माना जा रहा है। यह संकरा जलमार्ग फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है। इस जलडमरूमध्य से होकर बड़ी मात्रा में तेल और गैस दुनिया भर में जाती है, ईरान और ओमान के क्षेत्रीय जल होने के बावजूद, इसे अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग माना जाता है, अमेरिका के ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार, यहां से गुजरने वाले अधिकतर तेल-गैस के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है।

## अमेरिका से तनाव के बीच ईरान के बंदर अब्बास में विस्फोट

**ईरान।** अमेरिका से तनाव के बीच ईरान के दक्षिणी बंदर अब्बास बंदरगाह में विस्फोट की खबर है। हमला किसने किया, यह अभी स्पष्ट नहीं है। अधिकारी जांच में जुट गए हैं।

ईरान के दक्षिणी बंदरगाह बंदर अब्बास में शनिवार को एक विस्फोट हुआ। ईरानी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। हालांकि, उसने यह नहीं बताया कि विस्फोट किसने किया और किस कारण किया गया।

अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने कहा कि सोशल मीडिया पर यह अटकल कि रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) को एक नौसेना कमांडर को विस्फोट में निशाना बनाया गया 'पूरी तरह से झूठी' है।

ईरानी मीडिया ने कहा कि विस्फोट की जांच की जा रही है। लेकिन उसने कोई और जानकारी नहीं दी। तुरंत टिप्पणी के लिए ईरानी अधिकारियों से संपर्क नहीं किया जा सका।

**बंदर अब्बास से गुजरता है दुनिया का 20 फीसदी तेल**

बंदर अब्बास होरमुज की खाड़ी पर स्थित है, जो ईरान और ओमान के



बीच एक अहम जलमार्ग है। दुनिया में जो तेल समुद्र के जरिए भेजा जाता है, उसका लगभग 20 फीसदी इसी बंदरगाह से होकर गुजरता है।

यह विस्फोट ऐसे समय में हुआ है, जब हाल के विरोध प्रदर्शनों पर सख्ती कार्रवाई के बाद तेहरान और वाशिंगटन के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। इसके अलावा, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर भी पश्चिमी देश चिंतित हैं। आर्थिक चुनौतियों के कारण दिसंबर में देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। ये विरोध प्रदर्शन ईरान की सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए थे। हालांकि, सख्त कार्रवाई के इन प्रदर्शनों को दबा दिया गया।

## इस्राइली हमलों में 29 और फलस्तीनियों की मौत

## युद्धविराम के बाद यह मृतकों का सबसे बड़ा आंकड़ा

**गाजा।** इस्राइली हमलों में शनिवार (स्थानीय समय) को 29 फलस्तीनी मारे गए। पिछले साल अक्तूबर में हुए संघर्षविराम के बाद सबसे अधिक अधिक मौत का सबसे बड़ा आंकड़ा है। संघर्षविराम का मसकसद दो साल से जारी जंग को रोकना था।

यह हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब एक दिन पहले ही इस्राइल ने हमास पर संघर्षविराम के उल्लंघन का नया आरोप लगाया। गाजा में विभिन्न इलाकों में हमले किए गए, जिनमें एक शिविर, एक आवासीय इमारत और एक थाना शामिल हैं।



इससे पहले इस्राइल ने घोषणा की थी कि इस साप्ताहांत पर मिस्र की सीमा पर स्थित रफाह क्रॉसिंग को खोला जाएगा।

यह क्रॉसिंग पिछले साल हुए उस समझौते का एक हिस्सा है, जिसे युद्ध खत्म करने की दिशा में एक अहम रास्ता माना जा रहा था।

## बलूचिस्तान में सेना ने 57 आतंकियों को मार गिराया, 10 सुरक्षाकर्मी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में कई जगहों पर हुए आतंकी हमलों और जवाबी अभियानों में 57 आतंकवादी मारे गए, जबकि 10 सुरक्षाकर्मी भी मारे गए। आतंकियों ने पुलिस, अर्धसैनिक बल और नागरिकों को निशाना बनाया। आइए इस पूरे मामले को विस्तार से समझते हैं।

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक बार फिर हिंसा और आतंक का बड़ा दौर देखने को मिला है। अलग-अलग जगहों पर हुए हमलों और जवाबी अभियानों में 57 आतंकवादी मारे गए, जबकि 10 सुरक्षाकर्मियों की भी जान चली गई।



यह घटनाक्रम बताता है कि पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रहीं और हालात लगातार अस्थिर बने हुए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, आतंकियों ने सुरक्षा बलों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और आम नागरिकों को निशाना बनाते हुए 12 अलग-अलग स्थानों पर हमले किए। इसके बाद देर रात से लेकर शनिवार दोपहर तक सुरक्षा बलों ने जवाबी अभियान चलाया। इन अभियानों के दौरान भारी गोलीबारी हुई और बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए।

**कई शहरों में एक साथ हमले**

बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि क्वेटा, ग्वादर, मकरान, हब, चमन और नसीराबाद सहित कई इलाकों में हमले हुए। ग्वादर के पास आतंकियों ने एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी, जिनमें एक महिला और तीन बच्चे शामिल थे। पाकिस्तान के संघीय आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि आतंकियों ने नसीराबाद जिले में रेलवे ट्रैक पर बड़ी मात्रा में विस्फोटक लगा दिए थे। बम निरोधक दस्ते ने समय रहते इन्हें हटाकर संभावित बड़े हादसे को टाल दिया। हालांकि हमलों में 10 पुलिसकर्मी और अर्धसैनिक फ्रंटियर कॉर्प्स के जवान मारे गए।

**पहले भी मारे गए थे दर्जनों आतंकी**

इससे पहले गुरुवार और शुक्रवार को पनजगुर और हरनाई में हुए अभियानों में 41 आतंकवादी मारे गए थे। वहीं, पंजाब प्रांत में छह और खैबर पख्तूनख्वा में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के पांच आतंकवादी ढेर किए गए। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए आतंकियों की पहचान की जा रही है और यह जांच हो रही है कि वे किन संगठनों से जुड़े थे।

## इस्राइल के दबाव में थे डोनाल्ड ट्रंप? एपस्टीन फाइल के दावों ने मचाई सनसनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने बहुचर्चित एपस्टीन फाइल्स के एक और बैच को जारी कर दिया है। इस खेप में 30 लाख दस्तावेज के साथ 1.80 लाख फोटो और 2 हजार वीडियो शामिल है। शुक्रवार (31 जनवरी) को प्रकाशित किए गए दस्तावेजों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर कई गंभीर और सनसनीखेज आरोप सामने आए हैं। जिसके बाद हड़कंप मचना तय माना जा रहा है।

जेफरी एपस्टीन से जुड़ी फाइलों के नवीनतम बैच में सामने आए आरोपों पर एफबीआई की एक रिपोर्ट में 'विश्वसनीय' गोपनीय सूत्रों के हवाले से दावा किया गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर इस्राइल का दबाव था यानी इस्राइल के साथ समझौता किया गया। इतनी ही नहीं ट्रंप अपने एक करीबी शख्स के इतने जाल में थे कि उनके पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप के कारोबार और राष्ट्रपति के कामकाज दोनों पर बहुत ज्यादा दखल था।

### जैरेड कुशनर लेकर बड़ा दावा

जिस शख्स के बारे में बताया गया है, वो ट्रंप के दामाद जैरेड कुशनर हैं।



**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस्राइल के दबाव में थे। ऐसा इसलिए क्योंकि एपस्टीन फाइल के नए दावों ने सनसनी मचा दी है। इसके अलावा इस खास शख्स का भी ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान जरूरत से ज्यादा दखल का भी खुलासा हुआ है।**

### बिल गेट्स को लेकर चौंकाने वाला दावा

एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेजों में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स को लेकर भी सनसनीखेज खुलासा किए गए हैं। फाइलों में शामिल कुछ ईमेल ड्राफ्ट्स में आरोप लगाया गया है कि बिल गेट्स ने रूसी महिलाओं के साथ संबंध बनाए और कथित तौर पर यौन संचारित रोग (एसटीडी) हो गया था और उन्होंने तत्कालीन पत्नी मेलिंडा गेट्स को गुप्त रूप से एंटीबायोटिक्स देने की कोशिश की थी। ये दावे एपस्टीन की ओर से साल 2013 में खुद को लिखे गए ईमेल में सामने आए हैं। इन आरोपों की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि गेट्स ने इन अपुष्ट दावों का खंडन करते हुए कहा कि दस्तावेजों से एपस्टीन की हताशा और उन्हें बदनाम करने के प्रयासों का पता चलता है।

इस विस्फोटक दस्तावेज में यह भी दावा किया गया है कि कुशनर के परिवार के भ्रष्टाचार, रूसी धन प्रवाह और कट्टर यहूदी चबाड नेटवर्क से संबंध थे। रिपोर्ट में कुशनर के पारिवारिक इतिहास के बारे में बताया, जिसमें कहा गया कि उनके पिता को पहले वित्तीय आरोपों में दोषी ठहराया गया था, लेकिन बाद में उन्हें ट्रंप से राष्ट्रपति क्षमादान मिला।

### अमेरिका की परियोजनाओं में रूसी धन!

रिपोर्ट में दावा किया गया कि कुशनर ने रूसी निवेश की बड़ी रकम को इधर-उधर स्थानांतरित किया और रूसी राज्य से जुड़े संस्थानों से संबंधित हितों का ठीक से खुलासा नहीं किया। इसी के साथ रियल एस्टेट निवेश प्लेटफॉर्म कैडर में कुशनर की हिस्सेदारी को चिंता का विषय बताया गया है और सूत्र ने सवाल उठाया है कि क्या रूसी धन को बिचौलियों के माध्यम से अमेरिकी परियोजनाओं में लगाया गया था।

### बेवर्ली हिल्स हवेली का सौदा

इसके अलावा एफबीआई की रिपोर्ट में ट्रंप के रियल एस्टेट सौदों पर पहले की रिपोर्ट्स का हवाला दिया गया, जिसमें विवादित बेवर्ली हिल्स हवेली का सौदा भी शामिल है, जिसमें ट्रंप ने लगभग 41 मिलियन अमेरिकी डॉलर में एक संपत्ति खरीदी और बाद में उसे विदेशी संबंधों वाली एक फर्जी कंपनी को 95 मिलियन अमेरिकी डॉलर में बेच दिया।

गोपनीय सूत्रों ने इस सौदे को 'विसंगतियों और संदेहास्पद संकेतों' से भरा बताया, जिसकी अपारदर्शी वित्तीय लेनदेन के व्यापक पैटर्न के हिस्से के रूप में गहन जांच की जरूरत थी।

## अमेरिका में एक बार फिर से सरकार का शटडाउन

### ट्रंप की नीतियों के कारण अटका फंडिंग बिल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर से आंशिक शटडाउन शुरू हो गया है। क्योंकि अमेरिकी संसद 31 जनवरी, 2026 की अंतिम सीमा तक फंडिंग बिल पास नहीं कर पाई और इस वजह से सरकारी खर्च रुक गया। इसका कारण राष्ट्रपति ट्रंप की आव्रजन संबंधी सख्त नीतियों को लेकर जारी गतिरोध माना जा रहा है।

पिछले साल नवंबर महीने में अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन खत्म हुआ था, लेकिन इसके कुछ महीने बाद एक बार फिर से अमेरिका में शटडाउन शुरू हो गया है। अब फिर से 31 जनवरी को अमेरिका एक और आंशिक बंदी शुरू हो गई, क्योंकि सांसद 30 जनवरी की समय सीमा तक फंडिंग बिल पारित करने में विफल हो गए। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि बजट आवंटन में यह रुकावट कितने समय तक चलेगी। लेकिन सीनेट में डेमोक्रेट, रिपब्लिकन और व्हाइट हाउस के बीच हाल के दिनों में बनी गति को देखते हुए, इसके पिछली बार की तरह लंबे समय तक खिंचने की संभावना नहीं है। सीनेट ने शुक्रवार शाम को एक व्यय विधेयक पारित किया, जो गृह





सुरक्षा विभाग (जो आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन और सीमा गश्ती की देखरेख करता है) के लिए व्यय को दो सप्ताह के लिए बढ़ाता है, जबकि सांसद आईसीई सुधारों पर बातचीत करते हैं, और सितंबर तक अन्य सरकारी एजेंसियों को धन उपलब्ध कराता है। मिनियापोलिस में संघीय आव्रजन एजेंटों द्वारा रेनी गुड और एलेक्स प्रेटी की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद से डीएचएस और आईसीई विवादों में घिरे हुए हैं। हाल के दिनों में डेमोक्रेट्स ने आव्रजन प्रवर्तन में बदलाव की मांग की है, जिससे कामकाज ठप होने का खतरा पैदा हो गया है।

सदन में अब सोमवार को मतदान होने की संभावना

अब यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में जाएगा, जो फिलहाल अवकाश पर है। रिपब्लिकन प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कहा कि सोमवार को ही सदन में मतदान होने की संभावना है। बता दें कि यह पूर्ण बंद नहीं, केवल आंशिक रूप से बंद है, कुछ एजेंसियों का काम चलता रहेगा, कुछ सरकारी सेवाएं फिलहाल बंद रहेंगी।

सबसे बड़ा विवाद अमेरिकी गृह विभाग (डीएचएस) और उसके तहत आने वाले एजेंसियां- जैसे आईसीई (आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन) और बॉर्डर पेट्रोल को लेकर है। डेमोक्रेट सांसद इस बात पर नाराज हैं कि मिनियापोलिस शहर में दो नागरिकों को संघीय एजेंटों ने गोली मारकर मार दिया। इस कारण डेमोक्रेट चाहते हैं कि डीएचएस और आईसीई पर कठोर सुधार, जवाबदेही और निगरानी लागू की जाएं- तभी वे फंड देने पर सहमत होंगे।

## एपस्टीन फाइल्स में सामने आया जोहरान ममदानी की मां मीरा नायर का नाम

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज में 2009 की एक आफ्टरपार्टी का जिक्र है। इसमें फिल्म निर्देशक मीरा नायर का नाम भी सामने आया है। दस्तावेजों में एलन मस्क के साथ एपस्टीन की ईमेल बातचीत भी शामिल बताई गई है।



अमेरिका में जेफरी एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों ने एक बार फिर तहलका मचा दिया है। अमेरिकी न्याय विभाग ने हाल ही में एपस्टीन केस से जुड़े 30 लाख से ज्यादा पेजों के दस्तावेज जारी किए हैं, जिसमें 2,000 वीडियो और 1,80,000 तस्वीरें शामिल हैं। इन नए दस्तावेजों में न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की मां और फिल्म डायरेक्टर मीरा नायर का नाम भी सामने आया है।

गिसलेन मैक्सवेल के घर हुई थी पार्टी

दस्तावेजों में दावा किया गया है कि मीरा नायर ने 2009 में अपनी फिल्म अमेलिया के लिए आयोजित एक आफ्टर-पार्टी में शिरकत की थी। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पार्टी यौन तस्करी की दोषी गिसलेन मैक्सवेल के घर पर हुई थी।

ईमेल से हुआ पार्टी का खुलासा

यह जानकारी 21 अक्टूबर 2009 के एक ईमेल से सामने आई है। यह ईमेल पब्लिसिस्ट पैगी सीगल ने जेफरी एपस्टीन को भेजा था। ईमेल पार्टी के ठीक बाद सुबह के समय भेजा गया था। इस ईमेल में पार्टी में शामिल हुए मेहमानों के बारे में बताया गया था, जिसमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस भी शामिल थे।

ईमेल में लिखा था, फिल्म की पार्टी के बाद अभी-अभी घिसलेन के घर से निकली हूं। बिल क्लिंटन और जेफ बेजोस भी वहां थे। डायरेक्टर मीरा नायर आदि। ईमेल में दावा किया गया कि मीरा नायर की फिल्म को लेकर मेहमानों की प्रतिक्रिया कुछ खास नहीं थी।

**एलन मस्क का नाम भी लिस्ट में शामिलः** एपस्टीन फाइलों में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का भी नाम है। दस्तावेजों में एपस्टीन और मस्क के बीच हुए कई ईमेल मिलने का दावा किया गया है। नवंबर 2012 में एपस्टीन ने मस्क को एक ईमेल भेजकर पूछा, ₹द्वीप पर हेलीकाप्टर से कितने लोग आएंगे। इस पर मस्क ने 25 नवंबर 2012 को जवाब दिया, ₹शायद बस मैं और तलुलाह। आपके द्वीप पर सबसे जबरदस्त पार्टी किस दिन या रात होगी।₹ इस खुलासे ने कई नई बहसों को जन्म दे दिया है। अमेरिकी न्याय विभाग ने 30 लाख से ज्यादा पन्नों के दस्तावेज जारी किए हैं, जिनमें 2,000 वीडियो और 1,80,000 तस्वीरें शामिल हैं।


## 'यूक्रेन में रूस को कोई नहीं हरा सकता', अरब लीग प्रमुख का बड़ा बयान; ईरान-अमेरिका पर क्या बोले

**नई दिल्ली।** अरब लीग प्रमुख अबुल घेइत ने रूस पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में साफ कहा कि यूक्रेन में रूस को कोई भी नहीं हरा सकता। इसी के साथ उन्होंने ईरान में चल रहे संघर्ष और अमेरिका पर भी बयान दिया है।

यूक्रेन और रूस के बीच चल रही जंग को खत्म करने के प्रयास जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों के देशों के बीच सुलह कराने की कोशिश कर रहे हैं। यहां तक ट्रंप ने अपने हालिया दावे में साफ कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की दिशा में बातचीत अब काफी नजदीक पहुंच चुकी है। अब इस कड़ी में अब अरब लीग महासचिव अहमद अबुल घेइत ने वैश्विक शक्ति संतुलन पर कहा कि प्रमुख शक्तियों ने शीत युद्ध के दौरान भी परमाणु संघर्ष से परहेज किया था। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन में रूस को हराया नहीं जा सकता।

**'यूक्रेन में कोई भी रूस को हरा नहीं सकता'**

नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय स्थिरता पर अपना व्यापक दृष्टिकोण रखते हुए



अबुल घेइत ने शुक्रवार को इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि शीत युद्ध के बीच रूस, अमेरिका और चीन शांति बनाए हुए थे, अन्यथा परमाणु हथियार सक्रिय हो जाते। इस ऐतिहासिक संतुलन को मौजूदा वास्तविकताओं से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि मॉस्को अपनी स्थिति को मजबूत करना जारी रखे हुए है। इसी के साथ उन्होंने दावा किया कि रूस अपनी क्षमता का निर्माण कर रहा है और यूक्रेन में कोई भी रूस को हरा नहीं सकता।

अपने इस बिंदु को रेखांकित करने के लिए पूर्व के संघर्षों से तुलना करते हुए अरब लीग प्रमुख ने कहा कि आप अफगानिस्तान में रूस को हरा सकते हैं, क्योंकि यह मॉस्को से 11,000 मील दूर है। वर्तमान भू-राजनीतिक बदलावों पर चर्चा करते हुए अबुल घेइत ने बदलती रणनीतियों के बारे में बात करते हुए कहा कि अमेरिका रूस को चीन से दूर करने की कोशिश कर रहा है।

यूरोप में पहले के घटनाक्रमों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, 'पुतिन के उदय और कुछ फ्रांसीसी राजनेताओं के प्रस्ताव के साथ रूस 1993-94 में नाटो में शामिल होना चाहता था। बता दें कि उस दौर में रूस ने पश्चिमी सुरक्षा ढांचों के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित करने की संभावना तलाशी, और तत्कालीन राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रति सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाया, जिसमें एक नए यूरोपीय सुरक्षा ढांचे के हिस्से के रूप में संभावित सदस्यता में रुचि दिखाना भी शामिल था।

इस दौरान येल्तसिन ने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन से बातचीत की और चिंता व्यक्त की कि नाटो का पूर्व की ओर विस्तार शीत युद्ध के बाद के समझौतों की भावना के विपरीत है, हालांकि मॉस्को ने शुरू में इस प्रक्रिया को सीधे तौर पर रोकने से परहेज किया और इसके बजाय जुड़ाव तंत्र को विस्तार के संभावित विकल्प के रूप में देखा।

**ईरान के खिलाफ कार्रवाई पर दी चेतावनीः** अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल ने चेतावनी दी कि ईरान के खिलाफ कोई भी सैन्य कार्रवाई पश्चिम एशिया और उससे परे व्यापक अस्थिरता को जन्म दे सकती है। उन्होंने गाजा में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले शांति बोर्ड को अरब देशों के समर्थन का बचाव करते हुए इसे एक व्यावहारिक प्रयास बताया।

## 'कर्ज के लिए भीख मांगने में शर्म से झुका सिर', पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का कबूलनामा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बार फिर कबूला है कि उन्हें बार-बार कर्ज मांगने में शर्मिंदगी महसूस हुई है। उन्होंने ये भी बताया वे और सेना प्रमुख असीम मुनीर ने चुपचाप कई देशों का दौरा किया और अरबों डॉलर के कर्ज मांगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल ही में कारोबारियों और निर्यातकों को संबोधित करते हुए देश की आर्थिक हालत पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा, तब उसे अपने मित्र देशों से कर्ज मांगना पड़ा, जिससे देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने और पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने चुपचाप कई देशों का दौरा किया और अरबों डॉलर के कर्ज की अपील की, ताकि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से राहत पैकेज मिल सके और विदेशी वित्तीय कमी को उन्होंने साफ शब्दों में माना कि ऐसे हालात में देश को दूसरों की शर्तें माननी पड़ती हैं, चाहे वे उचित हों या नहीं। देशों ने मदद की'

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के कठिन समय में कई मित्र देशों ने मदद की, जिनमें चीन सबसे आगे रहा।




# यशोदा मेडिसिटी की नई पहल 'A Match That Saves Lives' अभियान से जगाई स्टेम सेल डोनेशन की अलख

## गाजियाबाद के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल रहे मुख्य अतिथि







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर के अग्रणी स्वास्थ्य संस्थानों में से एक, यशोदा मेडिसिटी ने रक्त विकारों से जूझ रहे मरीजों की मदद के लिए एक विशेष जन-जागरूकता अभियान **'A Match That Saves Lives'** का आयोजन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्टेम सेल डोनेशन के महत्व को समझाना और डोनर पंजीकरण के लिए 'बकल स्वाब टेस्ट' की भूमिका के प्रति लोगों को जागरूक करना था।

**प्रमुख हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति :** इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गाजियाबाद के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल उपस्थित रहे। उनके साथ स्वास्थ्य क्षेत्र के दिग्गज, जिनमें थैलेसीमिक्स इंडिया की सचिव शोभा तुली और DATRI की नॉर्थ इंडिया हेड बिंदिया साहनी शामिल रहीं, ने पैनल चर्चा के माध्यम से समाज को इस दिशा में आगे आने के लिए प्रेरित किया।

### 10,000 में से एक को मिलता है 'परफेक्ट मैच':



चिकित्सीय विशेषज्ञों ने बताया कि ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और थैलेसीमिया जैसे गंभीर रोगों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट ही एकमात्र स्थायी इलाज है। आंकड़ों के अनुसार 70 प्रतिशत मरीजों को उनके परिवार में मैचिंग डोनर नहीं मिल पाता। असंबंधित डोनर से एचएलए (ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन) मैच होने की संभावना 10,000 में से मात्र एक होती है। यही कारण है कि भारत में स्टेम सेल डोनर रजिस्ट्री का विस्तार करना अत्यंत आवश्यक है।

यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. पी. एन. अरोड़ा ने कहा, जागरूकता फैलाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और यह अभियान जनस्वास्थ्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। वहीं, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. उपासना अरोड़ा ने जोर दिया कि इस अभियान का लक्ष्य डोनर रजिस्ट्रेशन को सरल और सुलभ बनाना है ताकि मरीजों तक समय पर मदद पहुंच सके।

सर्वाइवर्स की कहानियों ने छू लिया दिल : अभियान के दौरान उन मरीजों और सर्वाइवर्स की वास्तविक कहानियां भी साझा की गईं, जिन्होंने स्टेम सेल डोनेशन के जरिए नई जिंदगी पाई। डॉ. निवेदिता ढींगरा (हेड, बोन मैरो ट्रांसप्लांट) ने बताया कि हर नया पंजीकृत डोनर किसी मरीज की जान बचाने की संभावना को कई गुना बढ़ा देता है।

### भ्रांतियों को दूर करने की कोशिश :

अभियान के दौरान यशोदा मेडिसिटी (इंदिरापुरम) और यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल (कौशांबी) में विशेष पंजीकरण बूथ लगाए गए। यहाँ लोगों को बताया गया कि बकल स्वाब टेस्ट एक अत्यंत सरल, त्वरित और दर्द रहित प्रक्रिया है।

# नारी सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बनेगा केंद्रीय बजट : मयंक गोयल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि कल 1 फरवरी को प्रातः 11 बजे भारत की माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत किया जाने वाला केंद्रीय बजट नारी सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण होगा। मयंक गोयल ने कहा कि लगातार दूसरी बार देश की महिला वित्त मंत्री द्वारा केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया जाना न केवल भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूती देता है, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को निर्णायक भूमिकाओं में आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर भाजपा महानगर कार्यालय, नेहरू नगर, गाजियाबाद में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सामूहिक रूप से बजट का लाइव प्रसारण सुनेंगे। यह कार्यक्रम संगठनात्मक सहभागिता और जनहित से जुड़े विषयों को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

मयंक गोयल ने आगे कहा, यह बजट विकसित भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, युवा, महिला एवं उद्यमियों के लिए ठोस और दूरदर्शी प्रावधान होने की पूरी उम्मीद है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बजट के माध्यम से देश की प्रगति को और गति देने के संकल्प के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से समय पर कार्यालय पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता करने का आह्वान किया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूल में नुक्कड़ नाटक से महिलाओं व बच्चों को किया जागरूक

## एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल रही मौजूद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियाश्री पाल के निर्देशन में थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक एवं मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा विश्व भारती पब्लिक स्कूल, क्रॉसिंग रिपब्लिक में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को उनकी सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी गईं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुरक्षा योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों–डायल 112, 1090, 1076, 1098 और 181–के बारे में विस्तार से बताया गया तथा आपात स्थिति में इन नंबरों के उपयोग की जानकारी दी गई। इसके साथ ही साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक किया गया। साइबर अपराध से बचाव, गोल्डन ऑवर की महत्ता तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं वेबसाइट के बारे में जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं स्कूल स्टाफ ने पुलिस द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से निश्चित रूप से महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुदृढ़ होगी तथा महिला अपराध और साइबर अपराधों में कमी आएगी।

# क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने तीन लेडी गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार



**- लगभग 8 किलो अवैध गांजा बरामद**

**- यह गिरोह छोटे-छोटे पैकेट में गांजा तैयार कर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों तक पहुंचाता था।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई करते हुए क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने तीन महिला गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 8 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि गिरफ्तार महिलाएं सजदा, शाहिना और शबनम हैं। पुलिस को पहले से जानकारी मिली थी कि ये महिलाएं सुदामापुरी के लाल क्वार्टर में रहती हैं और दिल्ली एवं उड़ीसा से सस्ते दामों पर गांजा लाकर आसपास के इलाके में बेचती हैं। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह छोटे-छोटे पैकेट में गांजा तैयार कर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों तक पहुंचाता था।

गिरफ्तार तीनों महिलाओं से पुलिस ने विस्तृत पूछताछ की है और उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट पूरे शहर में इस तरह के नशे के कारोबार पर लगातार नकेल कसने के लिए अभियान चला रहा है।

# एसआरएम आईएसटी परिसर में विशेष दीक्षांत समारोह का आयोजन

**- इस अवसर पर कुल 1267 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 21 पीएचडी उपाधियाँ सम्मिलित रहीं।**



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी परिसर में विशेष दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में डॉ0 रवि पंचमुथु, प्रो0 चांसलर (प्रशासन) ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की और दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। उनकी प्रेरणादायी उपस्थिति ने समारोह को विशेष गौरव प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शैक्षणिक शोभायात्रा एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। इसके पश्चात डीन प्रो0 आरपी महापात्रा द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथि कुलपति ? विशिष्ट अतिथियों, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का हार्दिक स्वागत किया। इसके उपरांत प्रो0 सी मुथमिझचेलवन, कुलपति एसआरएम आईएसटी द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान प्रगति, नवाचार, आधारभूत संरचना के विकास तथा भावी शैक्षणिक योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। दीक्षांत समारोह में एसआरएम यूनिवर्सिटी ? सोनीपत के कुलपति रजिस्ट्रार तथा संस्थान के निदेशक डॉ0 एस विश्वनाथन की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और एसआरएम समूह के विभिन्न परिसरों के मध्य अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ किया। इस अवसर पर कुल 1267 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 21 पीएचडी उपाधियाँ सम्मिलित रहीं। इसके साथ ही 33 विद्यार्थियों को रैंक होल्डर के रूप में सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में सुश्री अभ्या जैन को रजत पदक प्रदान किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई तथा इसके पश्चात दीक्षांत समारोह का विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं शैक्षणिक शोभायात्रा की वापसी के साथ हुआ।

# 1.44 करोड़ का लोन लेकर किस्तें बंद, दंपति पर धोखाधड़ी का केस दर्ज; कंपनी का आरोप-रिकवरी टीम पर दर्ज कराया झूठा केस




**साहिबाबाद करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में निजी फाइनेंस कंपनी से संपत्ति को बंधक रख 1.44 करोड़ का लोन लेकर हड़पने के मामले में दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

आरोप है कि लोन के लिए दंपती ने अपनी संपत्ति को बंधक रखा था, शुरू में किस्तें समय पर भरीं लेकिन बाद में किस्त भरना बंद कर दिया। लोन की रिकवरी के लिए संपत्ति पर कब्जा लेने पहुंचे कर्मचारियों के खिलाफ उल्टा मुकदमा आरोपितों ने करा दिया। अदालत के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कंपनी के अधिवक्ता विकास कुमार ने दर्ज मुकदमे में बताया कि रेखा रानी और गायत्री देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। उनकी कंपनी से रेखा रानी और उनके पति व गायत्री देवी ने संपत्ति बंधक रखकर 1.44 करोड़ रुपये का लोन लिया था। उनकी ओर से 2021 तक लोन की किस्तें जमा की गईं।

किस्तें बंद होने के बाद संपत्ति पर कब्जे की कार्रवाई शुरू की गई। आरोपितों ने कंपनी कर्मचारियों पर झूठा मुकदमा करा दिया। पुलिस से शिकायत के बाद कार्रवाई न होने पर अदालत की शरण ली। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। लोन से जुड़े दस्तावेज मंगाए गए हैं।

# एशियन वेटरन चैंपियनशिप: भारत की 'हैट्रिक'

## बांग्लादेश को 12 रनों से हराकर पॉइंट्स टेबल के शीर्ष पर बरकरार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बैंकाक, थाईलैंड थाईलैंड में खेली जा रही एशियन वेटरन क्रिकेट चैंपियनशिप में भारतीय टीम का विजय अभियान जारी है। भारतीय दिग्गजों ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर आज बांग्लादेश को एक रोमांचक मुकाबले में 12 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज कर ली है। जीत के सूत्रधार राजस्थान के नरेंद्र मीणा रहे। उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी सधी हुई गेंदबाजी और मैदान पर सक्रियता ने बांग्लादेशी बल्लेबाजों को लक्ष्य से दूर रखा। भारतीय टीम ने अब तक अपने तीनों मुकाबलों में श्रीलंका, पाकिस्तान और अब बांग्लादेश को हराकर कुल 9 अंक हासिल कर लिए हैं। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर मजबूती से जमा हुआ है। वहीं, बांग्लादेश की टीम 3 मैचों में 4 अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है। टूर्नामेंट के सचिव रवींद्र त्यागी ने टीम के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि भारतीय टीम का अगला मुकाबला कल हॉन्गकॉन्ग की टीम से होगा। उन्होंने पूरी टीम को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।




IN LOVING MEMORY OF

SMT. SHARDA RANI

14TH SEP 1940 - 23RD JAN 2026

Rasam Pagri

MON, 2ND FEB | 2:30- 4:00 PM

TANUSHREE GRAND FARMHOUSE
NH-24, GHAZIABAD, U.P.

HUSBAND
JAGDISH CHAND SADHNA

DAUGHTER AND SON-IN-LAW
RENU & ANIL ARORA

SON AND DAUGHTER-IN-LAW
RAJJI & RAKESH SADHNA
SHASHI & RAJIV SADHNA
DIMPLE & RAJESH SADHNA
ROMY & RUPESH SADHNA

GRANDSONS AND DAUGHTER-IN-LAW
PRIYANKA & SAHIL SADHNA
KARISHMA & ABHINAV SADHNA
PRIYANKA & ANIMESH SADHNA
SHEFALI & SHIVAM SADHNA
GARISHA & BHARAT ARORA

GRAND DAUGHTERS AND SONS
SABIKA KHANNA
SUGAM SADHNA
SAKSHAM SADHNA
CHAITANYA SADHNA
HARSHITA SADHNA
KANGAN ARORA

SAMAST SADHNA PARIVAR
9871 382 949 | 9810 136 490


# मतदाता पुनरीक्षण अभियान: पार्षद नरेश भाटी ने वार्ड 74 के बूथों का किया निरीक्षण






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के वार्ड 74 में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और जन प्रतिनिधियों ने कमर कस ली है। इसी क्रम में क्षेत्रीय पार्षद नरेश भाटी ने शनिवार को विभिन्न मतदान केंद्रों (बूथों) का दौरा कर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए भरे जा रहे फॉर्म-6 की प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान पार्षद नरेश भाटी ने बीएलओ और उपस्थित कर्मचारियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने डिजिटल माध्यम पर जोर देते हुए बताया कि फॉर्म-6 का सारा डेटा पोर्टल पर अपडेट किया जा रहा है। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि एक भी पात्र युवा मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र नागरिक का वोट बनना अनिवार्य है। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया पारदर्शी हो और एसआईआर पोर्टल पर इसे बिना किसी त्रुटि के समय पर अपलोड किया जाए। युवाओं में इसे लेकर काफी उत्साह है। पार्षद ने कई बूथों पर जाकर रजिस्टर और ऑनलाइन एंट्री का मिलान किया। युवाओं से अपील: 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को तुरंत पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर मौजूद लोगों की तकनीकी समस्याओं का तुरंत समाधान कराया गया।

# साला बनकर ठगे 90 हजार रुपये



**इंदिरापुरम करंट क्राइम।** साइबर ठग ने साला बनकर भोवापुर में रहने वाले व्यक्ति से अपने खाते में करीब 90 हजार रुपये डलवा लिए। ठगी की जानकारी होने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत कौशांबी थाना पुलिस से की है। अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 जनवरी को उनके मोबाइल फोन पर अज्ञात नंबर से काल आई। फोन काल करने वाले ने खुद को उनका साला बताते हुए कहा कि वह कुछ आनलाइन रकम भेज रहा है। बाद में इसे वापस ले लेगा। कुछ समय बाद ठग ने एक मोबाइल नंबर देकर बात करने को कहा। पीड़ित ने जब नंबर पर फोन कॉल की तो उन्हें बातों में उलझाकर फोन-पे के जरिये 90 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में जानकारी करने पर पता चला कि उनके साले ने उन्हें कोई भुगतान या फोन कॉल नहीं की। ठगी का पता चलने पर उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।